दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
।। शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं धनसंपदा शत्रुबुद्धि-विनाशाय दीपज्योती नमोऽस्तुते ।।
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 347 | पृष्ठ : 32+8 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर, सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष अमावस्या, विसं 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

# अयोध्या में भव्य दीपोत्सव में बने दो विश्व रिकॉर्ड जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठी रामनगरी






**अयोध्या में दीपोत्सव के नौवें संस्करण में दो नए विश्व रिकॉर्ड बने। राम की पैड़ी पर 26 लाख दीये जलाए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत एक रहेगा तो श्रेष्ठ रहेगा। इस अवसर पर लेजर शो, आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। दीपोत्सव एकता और समृद्धि का प्रतीक है।**

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या (एजेंसी)।** दीपोत्सव के नौवें संस्करण में भी विश्व कीर्तिमान बना। रामकी पैड़ी पर 26 लाख 17 हजार 215 प्रज्वलित दीये गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में अंकित हो गए। इसके साक्षी बने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव को लोक आस्था से भी जोड़ा। कहा, भारत एक रहेगा तो श्रेष्ठ रहेगा, कोई भी आस्था को अपमानित नहीं कर सकेगा और दीपोत्सव होता रहेगा। उन्होंने कहाकि अपने जन्म दिन पर बर्मिंघम से बग्घी मंगाने वाले, समाज को जातियों में बांटने वाले राम को नहीं मानते। वे दीपोत्सव का भी विरोध करते हैं। वही लोग प्रदेश के खजाने का धन सैफई महोत्सव और कब्रिस्तान की बाउंड्री पर खर्च करते थे, लेकिन दीपोत्सव का विरोध करते हैं, जबकि इन दीयों से कुम्हार समाज के परिवारों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि रामद्रोहियों को दीपोत्सव अच्छा लग भी कैसे सकता है। इससे पहले दीपोत्सव का प्रथम संस्करण ही कीर्तिमान नहीं बन सका था। इसके बाद से लगातार आठ संस्करण गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में अंकित हुए हैं। रविवार को सूर्यास्त के साथ ही रामकी पैड़ी के 56 घाटों पर 28 लाख दीयों को प्रज्वलित करने का क्रम आरंभ हुआ। इसके अलावा, सरयू नदी तट पर 2100 लोगों ने एक साथ आरती करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

इनमें 26 लाख 11 हजार 101 प्रज्वलित दीयों का कीर्तिमान बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन रिकॉर्ड में इससे अधिक दीये उत्कीर्ण हुए। दीयों की गणना के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड की टीम पहले ही यहां आ चुकी थी। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारी की ओर से कीर्तिमान की अधिकृत घोषणा के बाद प्रदेश के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने मुख्यमंत्री को कीर्तिमान का प्रमाणपत्र भेंट किया। इस अवसर पर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## कई दिनों की मेहनत

गिनीज बुक की टीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इन दोनों रिकॉर्ड्स के प्रमाणपत्र सौंपे। सीएम योगी ने इसे प्रदेश और देश के लिए गर्व का क्षण बताया है. बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड टीम के सदस्य निश्चल बरोल ने बताया कि बहुत सारे दिनों की यह मेहनत थी. यह पूरे अयोध्या की मेहनत थी, जो रंग लाई है। इस साल 26 लाख 17215 दीपक जलाकर एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया है. सरयू की महाआरती में भी 2128 लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है. इस बार के दीपोत्सव में दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए गए हैं।

## आधुनिक तकनीक और संस्कृति का संगम

दीपों की जगमगाहट के साथ डिजिटल तकनीक का मेल अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान देगा। श्रद्धालु न केवल दिव्य राम मंदिर के दर्शन करेंगे, बल्कि डिजिटल माध्यम से रामायण के अद्‍त प्रसंगों का भी अनुभव करेंगे। अयोध्या का यह दीपोत्सव अब केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और तकनीकी प्रगति का प्रतीक बन चुका है।

## आधुनिक तकनीक और संस्कृति का संगम

दीपों की जगमगाहट के साथ डिजिटल तकनीक का मेल अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान देगा। श्रद्धालु न केवल दिव्य राम मंदिर के दर्शन करेंगे, बल्कि डिजिटल माध्यम से रामायण के अद्‍त प्रसंगों का भी अनुभव करेंगे। अयोध्या का यह दीपोत्सव अब केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और तकनीकी प्रगति का प्रतीक बन चुका है।



# मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत शिवगंज में तैयार फ्लैट के आवंटन पत्र दिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। प्रदेश के डेयरी व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी तथा सांसद लुम्बाराम चौधरी ने शिवगंज में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत आवंटन पत्र देकर मकानों की चाबी सौपी। इस मौके पर डेयरी व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत तैयार फ्लैट का पट्टा और कब्जा देते हुए कहा कि शिवगंज के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना में काफी लंबित थी। आज 42 जनों को कब्जा दिया गया। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी कम करने से आम को राहत मिली है और आर्थिक भार भी कम हुआ है। उन्होंने जीएसटी कम होने के फायदों को गिनाते हुए



आमजन को राहत की बात कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, युवा एवं बेरोजगारों के विकास के लिए कटिबद्ध है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा है कि अन्तिम छोर पर बैठा आदमी तक सहायता पहुंचाना है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि 2016-17 मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत फ्लैट बनाने के लिए शिलान्यास किया गया था और इसके पात्र लोगों को पट्टा व कब्जा दिया जाए। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से यह योजना चालू की गई। यह कार्य काफी लम्बित रहा। इस योजना में पहले सिरोही में आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों को मकान आवंटित किए इसी तर्ज पर आज शिवगंज में जिन्होंने राशि जमा करवाई है, उन्हें 42 आवंटन पत्र दिया गया है ,शेष रहें उन्हें दिसम्बर तक मकान आवंटित किए जाएंगे। आमजन को मै सिरमौर समझता हूॅ। उन्होंने कहा कि 320 उसमें से आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों को दिये जा रहें है। माननीय मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन आवास के अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण कर मकान आवंटित करें।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि आर्थिक कमजोर वर्ग के लोगों लिए यह योजना बहुत ही लाभदायक है। उन्होंने जीएसटी व केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।
















## चित्तौड़गढ़ के डूंगला एवं बोहेड़ा में 24 करोड़ से अधिक की लागत से बनेगा आधुनिक स्वास्थ्य ढांचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। स्वस्थ राजस्थान, समृद्ध भारत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया ने रविवार को चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला एवं बोहेड़ा (बड़ीसादड़ी) ग्रामों में लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) का भूमि पूजन किया। राज्यपाल श्री गुलाबचन्द कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" के विजन के अनुरूप देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान, सीसी सड़क एवं अटल पथ का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आज देश में चिकित्सा सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है, हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं, गांव-गांव तक सड़कें और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं, किसानों के खातों में योजनाओं के तहत सीधे पैसे जमा हो रहे हैं और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि डूंगला में 16 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से 50 बेड का आधुनिक अस्पताल तथा बोहेड़ा में 7 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। इन केंद्रों में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण, प्रसूति कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, लैब, दवा वितरण केंद्र और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की संपूर्ण व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने पर आसपास के सैकड़ों गांवों को इन केंद्रों से लाभ मिलेगा। राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को घर-आंगन पर ही उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों की सफलता तभी संभव है जब आमजन इनका पूर्ण लाभ लें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि "आप लोगों के कारण ही मैं आज इस पद तक पहुंच पाया हूं, आपके सहयोग और विश्वास ने ही मुझे निरंतर सेवा का अवसर दिया है







## स्थानीय उत्पादों को खरीद कर 'वोकल फॉर लोकल' को दें बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने दीपावली महोत्सव के अवसर पर अजमेर शहरवासियों से अपील की है कि वे त्यौहार की खरीदारी के दौरान स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि इससे 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।



दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
।। शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं धनसंपदा शत्रुबुद्धि-विनाशाय दीपज्योती नमोऽस्तुते ।।
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 347 | पृष्ठ : 32+08 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर, सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष अमावस्या, विसं 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan
RNI NO. RAJHIN/2010/35060

## महालक्ष्मी पूजन शुभ मुहूर्त



**जयपुर।** वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन 21 अक्टूबर को सायं 5 बजकर 54 पर होगा। ऐसें में इस बार दीवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। 21 अक्टूबर की रात अमवस्या न रहने कारण स्थिर सिंह लग्न और महानिशीथ काली पूजा संभव नहीं होगी, जबकि 20 अक्टूबर को प्रदोष काल भी होगा। ज्योतिर्विदों अनुसार, पूजन का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर को शाम 7:10 बजे से रात 9:06 बजे तक है। हस्त नक्षत्र में पूजन करना धन-धान्य की प्राप्ति लिए उत्तम माना जाता है। पूजन दौरान शुद्धता और सावधानी का विशेष ध्यान रखना चाहिए। माँ लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मलगट्टका जाप रना चाहिए।

- **लक्ष्मी पूजा मुहूर्त–** शाम 07 बजकर 08 मिनट से रात 08 बजकर 18 मिनट तक
- **प्रदोष काल–** शाम 05 बजकर 46 मिनट से रात 08 बजकर 18 मिनट तक
- **वृषभ काल–** रात 07 बजकर 8 मिनट से रात 09 बजकर 03 मिनट तक

## सभी सुधी पाठकों को दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

### सूचना

दीपावली के अवसर पर कार्यालय में 20 और 21 अक्टूबर 2025 को दैनिक बढ़ता राजस्थान कार्यालय में अवकाश रहेंगा। अत: अगला अंक 23 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

-सम्पादक

# वोकल फॉर लोकल को अपनाते हुए स्थानीय उत्पादों की करें खरीद : मुख्यमंत्री भजनलाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली महोत्सव के अवसर पर आमजन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर दीपावली मिलन कार्यक्रम के अन्तर्गत आमजन से मुलाकात कर रहे थे।

इस अवसर पर शर्मा ने आमजन से दीपावली महोत्सव के दौरान स्थानीय उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को अधिक गति मिलेगी। शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी कर रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं में राहत पहुंचाई है। इससे आमजन, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी सहित सभी वर्गों को बड़ी राहत मिल रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से आत्मीयता के साथ रामा-श्यामा करते दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़े-बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। शर्मा ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जीएसटी की दरों में भारी कमी की है, जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। त्यौहारों पर बचत होने से आमजन में खरीदारी को लेकर काफी उमंग और उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर्स से अधिक से अधिक खरीदारी करनी चाहिए, जिससे उनके घरों में खुशहाली बढ़े। उन्होंने कहा कि देश में निर्मित उत्पादों का उपयोग कर हमें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से आत्मीयतापूर्वक बातचीत की तथा यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर डिजिटल इंडिया को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्थानीय व्यापार संगठनों एवं आमजन ने मुख्यमंत्री का स्वागत-अभिनन्दन किया।

## राज्यपाल श्री बागडे ने दीप पर्व की शुभकामनाएं दी, सभी के सुख-समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली के लिए की कामना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपकों के उजास में ही जीवन की उत्सवधर्मिता समाई है। उन्होंने मां लक्ष्मी से सभी के लिए कामना की है कि रोशनी का यह त्योंहार हम सभी के जीवन में नई खुशियां लेकर आए और हमारा राष्ट्र सदा सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य से आलोकित हो।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली, गोवर्धन एवं भाईदूज की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली, गोवर्धन एवं भाईदूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का यह पर्व भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की उस पावन स्मृति से जुड़ा है, जब असत्य पर सत्य की विजय के उपरांत प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे थे। दीपावली का पर्व आनंद, उजियारे और सद्भाव का प्रतीक है और यह हमें धर्म, कर्तव्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार युवा, गरीब, महिला और किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में हमारी सरकार ने धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रदेश के लाखों किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किस्त का हस्तांतरण कर उनके जीवन में समृद्धि और प्रसन्नता के दीप जलाए हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे भगवान श्रीराम के महान आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात् करें और समाज व राष्ट्र के विकास में भूमिका निभाएं।







## सम्पादकीय

# बिहार विधानसभा चुनावः राजद या महागठबंधन, किस करवट बैठेगा ऊंट?

बिहार विधानसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है। दो चरणों में कुल 243 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है। बिहार में दोनों बड़े गठबंधनों की पिछले 35 वर्षों से सरकार है। बिहार में बीस साल तक, अभी तक सबसे ज्यादा समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहने का रिकॉर्ड नीतीश कुमार के नाम दर्ज है लेकिन इस बार बिहार विधानसभा के चुनावों में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव यह दिखायी दे रहा है। इस बदलाव के असली नायक प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जनसुराज पार्टी है। बिहार के जिन बुनियादी सवालों को मुद्दा बनाकर पिछले तीन वर्षों से वे जमीनी राजनीति कर रहे है,उससे खतरा दोनों गठबंधनों को पैदा हो गया है। उससे भी महत्वपूर्ण बदलाव है कि जिन मुद्दों को महागठबंधन के मुख्य विपक्षी दल होने के नाते राजद को उठाना चाहिए, उन मुद्दों को चुनावों के एन वक्त उठाने और धारदार बनाने में फिलहाल प्रशांत किशोर कामयाब होते दिख रहे हैं। इस हद तक कि राजद के प्रमुख घटक दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंगल पाण्डेय जैसे बड़े नेता चुनाव के समय प्रशांत किशोर के उठाएं मुद्दों से मुंह चुराते नजर आ रहे हैं। भाजपा बिहार प्रदेश के बड़े नेताओं को भ्रष्टाचार की कटघरे में खड़ा कर केन्द्रीय नेतृत्व को यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि कैलाशपति मिश्र और सुशील मोदी के दिवंगत हो चुके इन दलबदलू नेताओं पर भरोसा करना भविष्य की राजनीति के लिए नुकसान दायक हो सकता है। यह जरूरी नहीं कि अपने पहले ही चुनाव में प्रशांत किशोर इस विधानसभा चुनावों को फतह कर दें पर जैसा राममनोहर लोहिया कहा करते थे कि चुनाव सिर्फ जीतने के लिहाज से ही नहीं लड़ा जाता, अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को प्रचारित करने, जनता के बीच उन्हें के लिए भी चुनाव लड़ना चाहिए। प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी के लिए यह कोई कम बड़ी उपलब्धि नहीं होगी, अगर दो मजबूत गठबंधनों के बीच अपनी एक मजबूत स्थिति दर्ज कराने में कामयाब हो गये। अपने सतत राजनीतिक अभियान से प्रशांत किशोर ने आम लोगों में इतनी जागरूकता तो जरूर पैदा किया है कि पिछले 35 वर्षों से चली आ रही लालू- राबड़ी और नीतीश कुमार की सरकारों के दौर के जिन जरुरी मुद्दों का समाधान नहीं हो पाया है उनके प्रति एक समझ और समाधान करने का भरोसा लोगों में पैदा किया है। यह बात नीतीश कुमार के बारे में एक समय उनके सबसे करीबी रहे प्रशांत किशोर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आज भी इतने वर्षों तक सत्ता में रहे नीतीश कुमार व्यक्तिगत छवि कोई अंगुली नहीं उठा सकता। पर क्या ऐसा ही दावा उनके मंत्रियों और आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त अफसरों के बारे में किया जा सकता है? बिहार की राजनीति को करीब से समझने वाले से पूछा, तो इसका जवाब 'ना' में मिला। यही वह बड़ा मुद्दा है जो नीतीश कुमार कि सन् 2015 के पहले बनी सरकार सुशासन बाबू की छवि को तार-तार कर दे रही है। सवाल यह भी है कि आम आदमी के रोजमर्रा के सरोकारों जुड़े इन मुद्दों को महागठबंधन मुख्य चुनावी मुद्दा बनाने में कामयाब हुआ? शायद नहीं? वजह यह सरकार के सत्ता विरोधी रुझान को राजनीतिक चुनावी मुद्दे में तब्दील कर अभियान चलाने के बजाय महागठबंधन के घटक दल भी 'वोटर अधिकार यात्रा' पर निकल पड़े। बिहार की राजनीतिक जमीन पर उतरता मुद्दा अब दिखायी नहीं है। इस दौरान चाहे जितने प्रकार के 'बम फोड़े' जाने का दावा किया जा रहा था,वह चुनाव आते- आते फुस्स हो गया। कोई खास असर छोड़ता नहीं दिखायी दे रहा है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 20 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1568 - अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण किया।
- 1740 - मारिया थेरेसा आस्ट्रिया, हंगरी और बोहमिया की शासक बनी।
- 1774 - कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) भारत की राजधानी बनी।
- 1822 - लंदन संडे टाइम्स का पहला अंक प्रकाशित।
- 1880 - एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना।
- 1904 - चिली और बोलविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षकर किया।
- 1905- रूस में 11 दिन तक चले ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई।
- 1946 - वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने 20 अक्टूबर को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।
- 1947 - अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये।
- 1962 - चीन ने भारत पर हमला किया और अरुणाचल प्रदेश के रास्ते भारत के अंदर तक प्रवेश की कोशिश की।
- 1963 - दक्षिण अफ्रिका में नेल्सन मंडेला और आठ अन्य के खिलाफ मामला शुरु 1970- सैयद बर्रे ने सोमालिया को समाजवादी राज्य घोषित किया।
- 1991 - भारत के उत्तरकाशी में 6.8 तीव्रता के भूकंप से 1000 से ज्यादा लोगों की मौत।
- 1995 - संयुक्त राष्ट्र महासभा का विशेष स्वर्ण जयंती अधिवेशन आरम्भ।
- श्रीलंका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजाह कप फाइनल ट्रॉफी अपने नाम किया।
- 1998 - मालदीव के राष्ट्रपति अब्दुल गयूम पांचवी बार पुन: राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित।
- 2003 - बेटिकन सिटी में जीवन पर्यन्त दबे-कुचले वर्ग के लिए संघर्ष करने वाली ग़रीबों की मसीहा मदर टेरेसा को रोमन कैथोलिक चर्च की सर्वोच्च सत्ता पोप जॉन पाल द्वितीय का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

## विशेष आलेख

# भारत में सनातन चेतना और लोकतांत्रिक धरोहरः चुनौतियों के बीच राष्ट्र निर्माण



डॉ नयन प्रकाश गांधी
अंतराष्ट्रीय लाइफ कोच



भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत यात्रा में सनातन धर्म सबसे मजबूत आधार रहा है। यह न केवल धार्मिक, बल्कि जीवन-दर्शन, सामाजिक अनुशासन और समावेशी लोकतंत्र की नींव भी प्रस्तुत करता है। आधुनिक भारत, विविधता के बीच एकता, सहिष्णुता और संवाद की शक्ति का उदाहरण रहा है। किन्तु बदलते वैश्विक और सामाजिक परिवेश में राष्ट्रविरोधी ताकतें बार-बार इन मूल्यों को चुनौती देने का प्रयास करती हैं। युवाओं, विश्वविद्यालयी परिसरों और मीडिया में इस प्रकार की मानसिकता के उभार से समाज के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगता है, भले ही सनातन चेतना का प्रतिरोध उन्हें सीमित ही रखता है।भारत के लोकतंत्र को गहराई में देखें तो सनातन संस्कृति के विचार बुनियाद में स्थायी रूप से शामिल हैं। सनातन धर्म सिर्फ पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि संयम, कर्तव्य, सहयोग और मानवता का सशक्त संदेश है। वेद, पुराण, रामायण में दर्ज आदर्श आज भी लोकतांत्रिक प्रशासन और सामाजिक न्याय की राह दिखाते हैं। श्रीराम का 'रामराज्य', न्याय, मर्यादा और समानता का जीवंत उदाहरण है. नवरात्रि, दशहरा जैसे पर्व सत्य, शक्ति-साधना और बुरी प्रवृत्तियों पर विजय का सार्वकालिक संदेश देते हैं।लोकसभा, पंचायत से लेकर के केंद्र सरकार तक भारत का तंत्र जन और गण की राय, संवाद और बहस पर टिका है। यह विचार पश्चिमी समाज से नहीं, बल्कि भारतीय वेदों, उपनिषदों की देन है। प्राचीन गणराज्य, वैदिक समितियाँ, सभा-संस्थाएँ, सब लोकतंत्र की कड़ी हैं, जो आज भी हमारे संविधान के आदर्शों में जीवित हैं। बदलते दौर में राष्ट्रविरोधी प्रवृत्तियाँ बढ़ती वैश्विकता, खुली मीडिया, सोशल नेटवर्क्स, और विचारधाराओं में होड़ ने युवाओं के बीच कई बार भ्रम की स्थिति पैदा की है। पश्चिमी विचारों एवं सोशल मीडिया के दबाव में कभी-कभी विकृत तथ्यों, नकारात्मक आलोचनाओं और देशविरोधी विमर्श को बढ़ावा मिलता है। कुछ विशेष राजनीतिक और सामाजिक समूह भारतीय संस्कृति को कमजोर दिखाने का प्रयास करते हैं। विश्वविद्यालयों में, सामाजिक मंचों पर, युवाओं को राष्ट्रहितविरोधी तर्क देने की प्रबल कोशिशें दिखाई दे रही हैं।परंतु, भारतीय लोकतंत्र के जड़ों में रचे-बसे सनातन मूल्य इन चुनौतियों का संतुलित जवाब देते हैं। भारत का संविधान, मानव कल्याण और एकता के सिद्धांतों बंधुता, समरसता, समानता, अनुशासन को सर्वोत्तम नागरिक कर्तव्य मानता है। यही सब सनातन और लोकतंत्र की साझा धरोहर का अविचलित आधार है।भारतीय युवाओं में रचनात्मकता, संवाद-शक्ति और प्रतिरोध का साहस है। सनातन संस्कृति का 'वसुधैव कुटुम्बकम्', 'अहिंसा', 'सर्वधर्म समभाव', शक्ति-साधना, संघर्ष और संवाद, ये सब विचार उन्हें सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की ओर प्रेरित करते हैं। गण और राजतंत्र का रिश्ता, भारतीय समाज में संवाद और तर्क की परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आई है। आधुनिक शिक्षा, जागरूक परिवार, बहस-मंच, और मीडिया, यदि लोककल्याणकारी दिशा में हों, तो समाज राष्ट्र विरोधियों के प्रभाव से सुरक्षित रहता है, और उत्साही युवालोकतांत्रिक संकल्पनाओं को मजबूत करते हैं।भारतीय समाज का ताना-बाना, मंदिर, गुरुकुल, शिक्षा, कृषि, समाजसेवा— सनातन मूल्य में गहराई से रमा हुआ है। भारत ने विदेशी विचारों, संस्कृति का आदर दिया, नवाचार अपनाया, लेकिन मूल भारतीयता एवं संस्कृति की मर्यादा को कभी कमजोर नहीं होने दिया।

# दीपावली 2025: उजाले का उत्सव, नवभारत का संदेश



संजय खाबिया)

*दीपावली केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह भारतीय जीवन दर्शन का सार है – जहाँ हर दीपक आशा, विश्वास और आत्मबल का प्रतीक बनकर जलता है।*

जब संध्या का अंधकार धरती पर उतरता है और लाखों दीपक एक साथ जल उठते हैं, तब केवल घर ही नहीं, पूरा भारत आलोकित हो उठता है। दीपावली का यह अद्भुत दृश्य हमारे सांस्कृतिक जीवन का वह क्षण है, जब प्रकाश अंधकार पर, सत्य असत्य पर और मानवता स्वार्थ पर विजय प्राप्त करती है। दीपावली केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह भारतीय जीवन दर्शन का सार है — जहाँ हर दीपक आशा, विश्वास और आत्मबल का प्रतीक बनकर जलता है। यह पर्व हर भारतीय को यह याद दिलाता है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा क्यों न हो, एक छोटा दीपक भी उसे मिटाने की क्षमता रखता है।

**इतिहास के आलोक में दीपावली का संदेश :** दीपावली का मूल स्मरण श्रीराम के वनवास से लौटने और अयोध्या आगमन से जुड़ा है। अयोध्या की गलियाँ, महल और झोपड़ियाँ दीपमालाओं से सज उठी थीं — वह दृश्य केवल एक राजा के लौटने का नहीं, बल्कि धर्म, नीति और मर्यादा की पुनर्स्थापना का प्रतीक था। यह वही क्षण था जब भारत ने संसार को यह सिखाया कि सच्ची विजय तलवार से नहीं, सत्य और धर्म से होती है।

**आध्यात्मिक दृष्टि से दीपावली का महत्व :** दीपावली आत्मा के भीतर के अंधकार को मिटाकर ज्ञान और सत्य के प्रकाश को जगाने का अवसर है। जब हम घरों में दीप जलाते हैं, तो वह केवल सजावट नहीं, बल्कि आत्मज्ञान का प्रतीक है। यह हमें लोभ, क्रोध, ईर्ष्या और अहंकार जैसे अंधकारों से मुक्त होकर सादगी, संयम और करुणा की ज्योति जलाने की प्रेरणा देता है।

हर दीप हमें यह सिखाता है कि "अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ना ही जीवन का सार है।"

**राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में दीपावली का अर्थ :** आज का भारत विज्ञान, तकनीकी और नवाचार की दिशा में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। अंतरिक्ष से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक, हर क्षेत्र में भारत की प्रतिभा विश्व को रोशन कर रही है। ऐसे समय में दीपावली का यह पर्व हमें आत्मनिर्भरता, स्वदेशी उत्पादन और एकता का संदेश देता है। प्रधानमंत्री का 'वोकल फॉर लोकल' अभियान दीपावली की भावना से ही प्रेरित है — जब हम स्वदेशी दीपक जलाते हैं, मिट्टी के दीये खरीदते हैं, तो केवल घर नहीं, देश की अर्थव्यवस्था भी जगमगा उठती है। यह पर्व हमें सिखाता है कि हर छोटा प्रयास मिलकर राष्ट्र निर्माण की बड़ी ज्योति बन सकता है।

**सामाजिक एकता और सेवा का पर्व :** दीपावली तब ही पूर्ण होती है जब उसका प्रकाश हर घर तक पहुँचे। जिस दिन हम किसी गरीब परिवार के घर एक दीप जला दें, किसी अकेले वृद्ध के पास मुस्कान पहुँचा दें या किसी बच्चे को मिठाई बाँट दें — तभी हमारे भीतर का दीप सच्चे अर्थों में प्रज्वलित होता है। दीपावली हमें यह भी याद दिलाती है कि खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं। जब पूरा समाज एक साथ हर्षोल्लास में डूब जाता है, तब भेदभाव मिट जाते हैं और मनुष्य-मनुष्य के बीच प्रेम का दीप प्रज्वलित होता है। आज जब विश्व पर्यावरण संकट से जूझ रहा है, दीपावली हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का अवसर देती है। हमें पटाखों के आनंद के साथ, मिट्टी के दीयों, फूलों और प्राकृतिक सजावट में अपनी खुशियाँ खोजनी चाहिए।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



किरण कुमार
अभिनेता

बॉलीवुड अभिनेता किरण कुमार अपने लंबे करियर के दौरान कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 80 और 90 के दशक में अपनी गहरी आवाज़ और प्रभावशाली व्यक्तित्व के साथ बॉलीवुड में एक खलनायक के रूप में अपनी जगह बनाई।

खलनायक के तौर पर किरण कुमार विरासतः किरण कुमार दिग्गज अभिनेता जीवन के बेटे हैं, जिन्होंने खुद भी खलनायक के रूप में बहुत नाम कमाया था।

**प्रसिद्ध भूमिकाएँः** तेज़ाबः इस फिल्म में 'लोटिया पठान' का उनका किरदार काफी लोकप्रिय हुआ।

खुदा गवाहः इस फिल्म में भी उनकी नकारात्मक भूमिका को काफी सराहा गया था। तिरंगाः 90 के दशक की इस फिल्म में भी उन्होंने एक दमदार खलनायक का किरदार निभाया।

अभिनय शैलीः उनकी खलनायक की भूमिकाएँ अक्सर शांत, शालीन और अधिकारपूर्ण होती थीं, जो उन्हें उस दौर के अन्य खलनायकों से अलग बनाती थी। वर्तमान स्थितिः किरण कुमार ने हाल के वर्षों में यह टिप्पणी की है कि बॉलीवुड में अब पारंपरिक खलनायकों की अवधारणा बदल गई है, क्योंकि अब नायक भी नकारात्मक भूमिकाएँ निभा रहे हैं।

**करियर की शुरुआत :** हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि किरण कुमार ने अपने करियर की शुरुआत एक नायक के रूप में की थी। लेकिन, खलनायक और चरित्र भूमिकाओं में उन्हें अधिक सफलता और पहचान मिली। प्रशिक्षणः उन्होंने पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) से अभिनय का प्रशिक्षण लिया है। बहुमुखी प्रतिभाः किरण कुमार ने सिर्फ हिंदी फिल्मों में ही नहीं, बल्कि कई गुजराती, भोजपुरी और टेलीविज़न धारावाहिकों में भी काम किया है।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# हेल्थ टिप्स जो आपको हमेशा स्वस्थ रखेंगी

योग विज्ञान से सीखें 5 हेल्थ टिप्स - सेहत और स्वास्थ के लिए कुछ सरल हेल्थ टिप्स। भारतीय संस्कृति में जीने के कुछ ऐसे तौर-तरीके हैं जिनका हम कई पीढ़ियों से पालन करते आ रहे हैं, जैसे – उपवास करना, उठने और बैठने के ढंग, और पानी भरकर रखने के लिए तांबे के बर्तनों का प्रयोग... जानते हैं इन टिप्स के बारे में। तांबे के बैक्टीरिया-नाशक गुणों में मेडिकल साईंस बड़ी गहरी रुचि ले रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयोग हुए हैं और वैज्ञानिकों ने यह मालूम किया है कि पानी की अपनी याददाश्त होती है - यह हर उस चीज को याद रखता है जिसको यह छूता है। पानी की अपनी स्मरण-शक्ति होने के कारण हम इस बात पर ध्यान देते हैं कि उसको कैसे बर्तन में रखें। आप सोने किस वक्त जाते हैं, यह तो आपके लाइफ स्टाइल पर निर्भर करता है, लेकिन महत्व इस बात का है कि आपको कितने घंटे की नींद की जरूरत है। अकसर कहा जाता है कि दिन में आठ घंटे की नींद लेनी ही चाहिए। आपके शरीर को जिस चीज की जरूरत है, वह नींद नहीं है, वह आराम है। अगर आप पूरे दिन अपने शरीर को आराम दें, अगर आपका काम, आपकी एक्सरसाइज सब कुछ आपके लिए एक आराम की तरह हैं तो अपने आप ही आपकी नींद के घंटे कम हो जाएंगे। लोग हर चीज तनाव में करना चाहते हैं। मैंने देखा है कि लोग पार्क में टहलते वक्त भी तनाव में होते हैं। अब इस तरह का व्यायाम तो आपको फायदे की बजाय नुकसान ही करेगा, क्योंकि आप हर चीज को इस तरह से ले रहे हैं जैसे कोई जंग लड़ रहे हों। आप आराम के साथ क्यों नहीं टहलते? चाहे टहलना हो या जॉगिंग, उसे पूरी मस्ती और आराम के साथ क्यों नहीं कर सकते? तो सवाल घूमफिर कर वही आता है कि मेरे शरीर को कितनी नींद की जरूरत है? यह इस बात पर निर्भर है कि आप किस तरह का शारीरिक श्रम करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों से एक अच्छी सफलता हासिल होगी और आप किसी प्रॉपर्टी या गोल्ड आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृष**
व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा, इसीलिए अपने पारिवारिक मामलों को घर में मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपनी आय को बढाने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देना है और किसी कानूनी मामले में आपको थोड़ी निराशा हाथ लगेगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको कामों में लोगों का पूरा साथ मिलेगा और आप अपने कामों को कल पर डालने से बचें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। बिजनेस में आप अपनी आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी किसी बात को लेकर अपने पिताजी से कहासुनी होने की संभावना है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए किसी निवेश संबंधी मामले में अच्छा रहने वाला है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और आप अपने घर के डेकोरेशन का कोई आइटम लेकर आ सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी माताजी से आप कुछ कामों को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे उन्हें दूर करने में भी आसानी होगी। घूमाने-फिरने के दौरान आपको जानकारी प्राप्त होगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी रहेगी। आपको किसी दूसरे के मामले में भी वजह बोलने से बचना होगा, इसलिए आप किसी से लड़ाई में ना पड़े, तो बेहतर रहने वाला है।

**मकर**
आज आपके परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आप कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, जिससे आपको अपने कामों को पूरा करने में भी समस्या आएगी। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप बुद्धि और विवेक से लेकर लोगों को हैरान करेंगे। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे और आपको एक के बाद खबरें सुनने को मिलेगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपनी मेहनत से अच्छे मुकाम हासिल करेंगे। आपको अपने परिजनों से कुछ गिफ्ट भी मिल सकते हैं। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे और किसी की मदद के लिए भी आगे आएंगे।




## केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री ने बीकानेर में स्वदेशी प्रोत्साहन का आह्वान किया

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को बीकानेर में आचार्य चौक स्थित भुजिया की दुकान का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी सरलीकरण से जुड़े निर्णय के बाद आए सकारात्मक बदलाव की जानकारी ली और आमजन के स्वदेशी प्रोत्साहन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाएं। इससे छोटे उद्यमियों को सबसे अधिक लाभ होगा। इस दौरान उन्होंने मौके पर बनाए जा रहे भुजिया का स्वाद चखा।

## जयपुर में पुलिस जवानों के साथ मनाई दीपावली

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** दीपावली के पावन अवसर पर विजयसुर मीडिया कंसल्टेंसी की ओर से एक विशेष पहल 'रक्षक संग रोशनी' सीजन-02 का आगाज किया गया। कंसल्टेंसी टीम की ओर से पुलिस जवानों के साथ मिलकर दीपावली मनाई जा रही है। त्योहारों पर शहर की सुरक्षा के लिए पुलिस जवान अपने परिवार से दूर डटे रहते है। इस पहल का उद्देश्य उन नायकों को सम्मानित करना और उनके साथ रोशनी का पर्व साझा करना है।

इस पहले की अगुवाई विजयसुर मीडिया कंसल्टेंसी के संस्थापक आनंद जोशी की ओर से की गई। आनंद जोशी ने बताया- जब हम अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करते हैं, हमारे रक्षक (पुलिस जवान) सड़कों पर चौकसी में डटे रहते है। इस दीपावली पर हम उन असली नायकों को धन्यवाद कहने के लिए उनके साथ उत्सव मनाएंगे।

इस सोच को हकीकत में बदलने में दीपक अग्रवाल और बीकाजी फूड्स का सहयोग अमूल्य रहा है। उनके सहयोग ने इस प्रयास को और भी अर्थपूर्ण और भावनात्मक बना दिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनन ऐलानी, संस्थापक- ऑल अबाउट हैप्पीनेस एनजीओ और उनकी स्वयं सेवक टीम का विशेष योगदान रहा। टीम ने आयोजन स्थल पर सक्रिय रहकर सुरक्षा कर्मियों के साथ त्योहार की गर्माहट और खुशी बांटने में अहम भूमिका निभाई। रात के समय दीप जलाकर, फूलझड़ियां बांटकर और मिठास के साथ पुलिस जवानों के बीच दीपावली का उत्सव मनाया गया। ताकि, वे भी इस पर्व की रोशनी में शामिल हो सकें।

## जयपुर में पिता से नाराज नाबालिग ने घर छोड़ा

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** जयपुर में एक 11 साल का नाबालिग छात्र घर छोड़कर भाग गया। पिता ने डांट कर कमरे में बंद करने की बात से वह नाराज था। गेट खोलते ही समझाइश के दौरान पिता को धक्का देकर भाग निकला। कोतवाली थाना पुलिस पिता की शिकायत पर बच्चे की तलाश कर रही है। SI नरेंद्र सिंह ने बताया कि किशनपोल बाजार के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज की। उनका 5वीं कक्षा में पढ़ने वाला बेटा 16 अक्टूबर को सुबह 7:30 बजे 20 रुपए लेकर कॉलोनी की दुकान पर सामान लाने गया था। उसने दुकानदार से सामान उधार लिया और दिए गए 20 रुपए से पटाखे खरीद लिए। घर लौटने पर पिता को यह बात पता चली तो उन्होंने उसे डांटकर कमरे में बंद कर दिया। कुछ देर बाद पिता ने गेट खोलकर समझाने की कोशिश की, लेकिन गुस्से में बच्चे ने पिता को धक्का देकर घर से भाग गया।

पिता ने उसका पीछा किया, लेकिन वह नहीं मिला। काफी तलाश के बाद भी बच्चा नहीं मिला तो पिता ने कोतवाली थाने में शिकायत की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज देख रही है और बच्चे की तलाश में जुटी है। जांच में पता चला कि 4-5 महीने पहले भी वह घर से भाग गया था। तब पुलिस ने उसे सुभाष चौक इलाके से ढूंढकर परिजनों को सौंपा था।
























## घूसखोर डॉक्टर की तबीयत बिगड़ी, ICU में भर्ती

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** रिश्वत लेने के मामले में जेल में बंद डॉ मनीष अग्रवाल की रविवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उनको जेल से पुलिस निगरानी में एसएमएस हॉस्पिटल की ओपीडी में लाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने डॉ अग्रवाल को कार्डियोलॉजी यूनिट में एडमिट करने की सलाह दी। कार्डियक यूनिट के हेड और सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विजय पाठक ने बताया कि डॉ. अग्रवाल को रविवार दोपहर में भर्ती किया गया। उनकी सभी जांच नॉर्मल है।

अभी एक बार और फिर से सभी जांच करवाई जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि अचानक दर्द क्यों हुआ। डॉ. पाठक का कहना है कि उनकी फैमिली हिस्ट्री है, जिसमें कार्डियक प्रोब्लम रही है। डॉक्टर पाठक ने बताया- डॉ. अग्रवाल की 2 डी इको और ट्रॉप-टी की जांच करवाई है, जो नेगेटिव यानी सामान्य आई है। अब 8 घंटे बाद दोबारा इन दोनों जांचों को करवाया जाएगा। कुछ ब्लड जांच करवाई जाएगी। ईसीजी की जांच भी नॉर्मल आई है। ट्रॉप टी की जांच ब्लड सैंपल लेकर की जाती है, जिसमें ये पता चलता है कि उक्त इंसान के पिछले 24 से 48 घंटे के दौरान हार्ट अटैक आया है या नहीं।

9 अक्टूबर को ACB की टीम ने न्यूरो सर्जरी विभाग के HOD और SMS मेडिकल कॉलेज के एडिशनल प्रिंसिपल डॉ. मनीष अग्रवाल को उनके घर से 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

डॉ मनीष अग्रवाल ब्रेन कॉइल सप्लाई करने वाली कंपनी के 12.50 लाख रुपए के बिल पास करने की एवज में घूस मांग रहा था। कुछ दिन पहले कंपनी प्रतिनिधि के कागज फेंकते हुए डॉ. मनीष बोला था- साइन ऐसे ही थोड़े होते हैं।


















# एसएमएस के डॉक्टर ने अंता-उपचुनाव लड़ने के लिए मांगा वीआरएस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉ विनय मल्होत्रा अंता विधानसभा उपचुनाव लड़ना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) के लिए आवेदन किया है। लेकिन सरकार ने उनके आवेदन पर कोई फैसला नहीं किया। इसके बाद डॉ विनय मल्होत्रा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार को 20 अक्टूबर शाम 6 बजे निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने कहा- राजस्थान सर्विस रूल्स नियम 50(1) के मुताबिक यदि आवेदन करने के तीन महीने की अवधि में कोई फैसला नहीं लिया गया तो स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वतः प्रभावी हो जाएगी। वहीं, चुनाव लड़ने के उद्देश्य से वीआरएस के लिए आवेदन करने पर वीआरएस अवधि को माफ किया जा सकता है। डॉ विनय मल्होत्रा अभी नेफ्रोलॉजी विभाग में सीनियर प्रोफेसर है। सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक के मौजूदा अधीक्षक है। इससे पहले वे कुछ समय के लिए एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक भी रह चुके हैं। डॉ विनय मल्होत्रा की ओर से वकील अनिता अग्रवाल ने पैरवी करते हुए कहा- याचिकाकर्ता ने 7 अक्टूबर 2025 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था। वह अंता विधानसभा उपचुनाव में नामांकन करना चाहते हैं।


















# किशनगढ़ रेनवाल में दो मंजिला इमारत ढही:धमाके से एक की मौत, एक घायल

बढ़ता राजस्थान

**किशनगढ़ रेनवाल (जयपुर)।** क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है, जहां तेज धमाके के साथ दो मंजिला इमारत अचानक धराशायी हो गई। हादसे के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना किशनगढ़ रेनवाल के पेट्रोल पंप फाटक के पास की बताई जा रही है।

धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेनवाल थाना प्रभारी देवेंद्र चावला पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही नगर पालिका की दमकल टीम और राजस्व विभाग की टीमें भी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं।

मलबे में दबे लोगों को निकालने का प्रयास किया गया, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल पाया गया। घायल को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया है।

इमारत गिरने के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर दिया है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और राहगीर मौजूद हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि राहत कार्य जारी है और मलबे में किसी अन्य व्यक्ति के फंसे होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन ने सतर्कता बरतने और आसपास के लोगों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।









## उदयपुर में आज से रोजाना होगी पानी की सप्लाई



बढ़ता राजस्थान

**जयुपर।** उदयपुर के ओल्ड सिटी इलाके में दीपावली से एक दिन पहले, रविवार से हर दिन पानी की आपूर्ति शुरू की गई है। जब उदयपुर को स्मार्ट सिटी घोषित किया गया था, तब ओल्ड सिटी के 18 वार्डों में 24 घंटे पानी देने का वादा किया गया था। हालांकि, अभी यह पूरी तरह लागू नहीं हुआ है, लेकिन अब रोजाना पानी सप्लाई की योजना बनाई गई है।

उदयपुर शहर के विधायक ताराचंद जैन ने बताया कि इस व्यवस्था को लागू करने के लिए वे लंबे समय से कोशिश कर रहे थे। अब वॉल सिटी के लोगों को हर दिन नल से जल मिलेगा। जलदाय विभाग ने हर वार्ड के लिए पानी देने का समय तय कर लिया है, ताकि कहीं पानी की कमी न हो।

इससे पहले ओल्ड सिटी में एक दिन छोड़कर पानी आता था, और कभी-कभी दो दिन का अंतर भी हो जाता था। लेकिन लेकिन आज से नई व्यवस्था लागू की गई है।


















# हाईकोर्ट ने नए कानून के प्रावधान के तहत 704 करोड़ की जीएसटी के मामले में दी जमानत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधान के अनुसार पहली गवाही से 60 दिन में ट्रायल पूरी नहीं होने पर आरोपी को जमानत का लाभ दिया हैं। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने 704 करोड़ रुपए के जीएसटी के मामले में आरोपी अंकित बंसल की जमानत याचिका पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता माधव मित्र ने कोर्ट को बताया कि बीएनएसएस की धारा 480(6) के तहत गैर-जमानती अपराध में पहली गवाही के 60 दिन के भीतर ट्रायल पूरी नहीं होने पर जमानत दिए जाने का प्रावधान है। इस मामले में बार-बार तारीखों के बावजूद 90 दिन से अधिक समय बाद भी ट्रायल में कोई खास प्रगति नहीं हुई।


























HAPPY Diwali
नगर पालिका मंडल, भवानीमण्डी
की ओर से सभी देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अपील
सरकार की जन कल्याण योजनाओं का लाभ उठाएं।
सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करें।
नगर को स्वच्छ बनाएं
अनिल मीणा
उपाध्यक्ष, नगर पालिका भवानीमंडी
मनीष मीणा
अधिशाषी अधिकारी
कैलाश बोहरा
अध्यक्ष-नगर पालिका, भवानीमण्डी


समस्त देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गोविन्द रानीपुरिया
विधायक, मनोहरथाना- अकलेरा


समस्त देशवासियों को
दीपावली
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चौहान मिनरल्स
जुल्मी रोड़, रामगंजमंडी, जिला कोटा


कार्यालय उप वन संरक्षक
झालावाड़ (राज.)
की ओर से
आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की बहुत-बहुत बधाई एवं
शुभकामनाएं
उप वन संरक्षक झालावाड़ (राज.)


आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की
बहुत-बहुत बधाई एवं
शुभकामनाएं
गुडविल एडवांस कंस्ट्रक्शन कम्पनी प्रा.लि., कोटा


समस्त देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सालिगराम दांगी
महामंत्री,
अखिल भारतीय दांगी समाज संघ
जिला झालावाड़ (राज.)


आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की बहुत-बहुत बधाई एवं
शुभकामनाएं
HAPPY Diwali
FESTIVAL OF LIGHTS
पाटीदार मिनरल्स झालावाड़


समस्त देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सूरत राम गुर्जर
जिला अध्यक्ष,
राजस्थान गुर्जर महासभा, झालावाड़


स्व.रामविलास पासवान
लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक एवं
पद्मभूषण पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार
श्री चिराग पासवान
राष्ट्रीय अध्यक्ष लोजपा (रामविलास)
सह केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार
समस्त देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
विजय सिंह भारतीय (पार्षद)
कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, लोजपा (रामविलास), राजस्थान
मो. 9414376804
एडवोकेट कविश्वर कान्त भारतीय
जिलाध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), भरतपुर


आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
इस मंगल अवसर पर आप सभी की
मनोकामना पूरी हों
हेमंत एंटरप्राइजेज
इलेक्ट्रिक एंड सिविल गवर्नमेंट कॉन्टैक्टर
अकलेरा जिला- झालावाड़ (राज.)
हेमन्त पारेता


प्रकाश व खुशियों
के महापर्व
दीपावली
की आप सभी को हार्दिक
शुभकामनाएं।
भूरी बाई
सरपंच गोरधनपुरा
अशोक गुर्जर
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत गोरधनपुरा, पं.स. (झालरापाटन) जिला- झालावाड़


आपको और आपके पुरे परिवार को
दीपों का महापर्व
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं बहुत-बहुत
शुभकामना
सोदान गुर्जर
जिलाध्यक्ष, अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर महासभा, झालावाड़ जिला उपाध्यक्ष, ओ.बी.सी. मोर्चा, भाजपा, झालावाड़

## बोलेरा और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर) (निसं)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के मोतीवाड़ा बस स्टैंड पर रविवार सुबह बोलेरा और बाइक की भिड़ंत में एक 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस थाना राजगढ़ के अनुसार शैलेन्द्र सिंह(23) पुत्र नवाबसिंह राजपूत व उसका साथी शैलेश सिंह निवासी मोतीवाड़ा सुबह गैस सिलेंडर भरवाने मोतीवाड़ा स्टैंड पर जा रहा था। तभी रास्ते में एक तेज व लापरवाही से बोलेरो गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बोलेरा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को राजगढ़ सामुदायिक चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## ग्राम पंचायत नगर फोर्ट में हुए सौंदर्यीकरण के कार्य

**नगरफोर्ट,टोंक (कमलेश गौतम)** ।तहसील मुख्यालय नगर फोर्ट की ग्राम पंचायत नगर फोर्ट के वार्ड नंबर 4 में बड़े तालाब की पाल पर चारदीवारी और कुई व चबूतरा पर सोंदर्य करण के कार्य से रोनक बढ़ गई है। बड़ी ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 4 में 2005 से 2025 तक कमलेश गोतम के परिवार से लगभग 20 साल से ग्राम पंचायत में निर्वाचित जनप्रतिनिधि रहे हैं इन्होंने इस सौंदर्य करण के कार्य के साथ-साथ वार्ड में चारों और पकी सड़के,नालिया,ओर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया इनकी पूरे वार्ड में रोड लाइट हमेशा सही स्थिति में रहती हे श्री कमलेश गोतम के दादाजी स्वर्गीय पंडित श्रीनिवास शर्मा देश में ग्राम पंचायत के सृजन के साथ-साथ बनी नगरकोट पंचायत के प्रथम निर्वाचित सरपंच रहे इनका कार्यकाल दिसंबर 1960 तक रहा।



















## दिपावली पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद

बढ़ता राजस्थान

**नगरफोर्ट,टोंक (कमलेश गौतम)।** नगरफोर्ट तहसील मुख्यालय पर दिवाली के त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद। त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए और आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय उत्पन्न करने के लिए नगर फोर्ट पुलिस थाना अधिकारी मिट्ठ लाल के नेतृत्व में नगरफोर्ट थाने की पूरी टीम ने कस्बे सहित क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया इस फ्लैग मार्च से क्षेत्र के लोगों में त्योहार पर किसी भी प्रकार की अपराधीक घटना नहीं होने को लेकर पुलिस पर विश्वास जगा। साथ ही 20 तारीख को दिवाली के साथ-साथ नैनवा रोड स्कूल चौराहे के पास लगने वाले हाट बाजार मैं खरीदारी करने वालों वह उनके साधनों से लगने वाले बार-बार जाम से मुक्ति मिलने की भी उम्मीद जगी।







## घर आंगन को मांडणा से सजाया

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे में पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व के अवसर पर प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा के अनुसार घरो कि साफ सफाई व रंग पुताई कर घरों को सजाया जाता है। सदियों से चली आ रही परंपरा रिति-रिवाज में आज घर के आंगन में महिलाएं और बालिकाएं मांडणा मांडकर घर को सजा रही है। महिलाएं घर के आंगन में मांढने को शुभ मानकर घर मोहल्लें की दूसरी महिलाओं को प्रेरित करती है। महिलाएं पहले घर में गोबर से लिपना करती है फिर खड़िया गेरू और झिकरा से मांडणा बनाती है।

















# दीपावली पर रोशनी से जगमग शहर- शहरी सेवा शिविर से मिली राजस्थान को नई चमक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दीपावली से पहले राजस्थान के शहर रोशनी से जगमगा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आमजन को त्वरित सुविधा उपलब्ध करवाने और नगरीय सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से 'शहरी सेवा शिविर' प्रारम्भ किए गए। इन शिविरों ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में एक नई ऊर्जा और चमक भर दी है।राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में कुल अनुमानित 16 लाख स्ट्रीट लाइटें स्थापित हैं। नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु 17 सितम्बर से सेवा शिविर आयोजित किए गए, जिनमें स्ट्रीट लाइट मरम्मत से जुड़े 89 हजार 937 प्रकरण प्राप्त हुए। स्वायत्त शासन विभाग ने तत्परता के साथ सभी प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से कर दिया। इसी प्रकार शहरी सेवा शिविर के दौरान 37 हजार 952 नई लाइटें सफलतापूर्वक लगाई जा चुकी हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त 2 लाख लाइटें लगाने का कार्य एवं निविदा प्रक्रिया प्रगतिरत है, जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। दीपावली से पहले सड़कों और गलियों में फैली यह नई रोशनी नागरिकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर घर, हर गली और हर चौक रोशनी से नहाए, ताकि सुरक्षा, सुविधा और सौंदर्य का संगम हो सके। शहरी सेवा शिविर इस बात का प्रतीक बन गया है कि जब प्रशासन जनता के द्वार पर पहुँचता है, तो विकास की रोशनी हर कोने तक पहुँचती है।















# घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (टोंक) (उमाशंकर शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र के गांव उनियारा खुर्द निवासी समझ कंवर के घर में अकेली महिला पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने किया निर्मम हमला, घटना के वक्त महिला का पति खेत पर गया हुआ था।

परिजनों ने महिला को गंभीर घायल अवस्था में पहुंचाया उप जिला अस्पताल, चिकित्सकों ने गंभीर हालात देखते हुए महिला को प्राथमिक उपचार के बाद किया रैफर, पीड़िता के पति ने बताया कि बीते कुछ महीनों में तीसरी बार की है गंभीर मारपीट, लगातार हो रही वारदातों से पीड़ित परिवार में दहशत, पुलिस पर कार्रवाई न करने के लगाए गंभीर आरोप,घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।









# राठ इंटरनेशनल स्कूल में 23 वां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

बहरोड़(सुभाष यादव)। राठ इंटरनेशनल स्कूल में 23 वां वार्षिकोत्सव अधोपत बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता राठ ग्रुप चेयरमैन बलवान सिंह यादव ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती संतोष बलवान यादव नीमराना पंचायत समिति प्रधान रही। विशिष्ट अतिथि राठ विद्यालय की अनूठी और विशेष पहल के तहत सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 व 12 के जिला टॉपर विद्यार्थियों के माता-पिता रहे। आयुषी पुत्री अरुण यादव भावीका पुत्री अजीत कुमार कोमल पुत्री संदीप यादव कशिश पुत्री सुरेंद्रसिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष और मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। इस अवसर पर बच्चों ने एनसीसी परेड स्केटिंग बैड योग ताइक्वांडो आदि का प्रदर्शन किया। प्राचार्य केपी बर्वे ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया। राठ ग्रुप चैयरमेन बलवान सिंह यादव ने कहा कि पहले जहां क्षेत्र में बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए बाहर जाना पढ़ता था।












# उदयपुर ने जीती सीनियर चैम्पियनशिप : थांग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण सहित 12 पदक जीते

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** हिण्डोन सिटी करौली में आयोजित तृतीय राज्यस्तरीय थांग था चैम्पियनशिप 2025 में उदयपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीनियर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

उदयपुर टीम ने कुल 12 पदक जीते, जिनमें 5 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया।

टीम को कोच हरीश कुमार सांवरिया के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। पदक विजेता खिलाड़ियों में सब जूनियर वर्ग में साकेत सांवरिया (33 किलो भार वर्ग) में स्वर्ण पदक,जूनियर वर्ग में हेमंत सालवी (56 किलो भार वर्ग) रजत पदक, दक्ष खनिवाल (66 किलो भार वर्ग) रजत पदक,सीनियर पुरुष वर्ग में विकास सालवी (45 किलो भार वर्ग) स्वर्ण पदक, यश गमेती (50 किलो भार वर्ग) रजत पदक,चेतन मेहता (60 किलो भार वर्ग) कांस्य पदक,अभिजय गर्ग (66 किलो भार वर्ग) कांस्य पदक,मनीष सालवी (70 किलो भार वर्ग) स्वर्ण पदक,शिवांश पालीवाल (75 किलो भार वर्ग) स्वर्ण पदक,महेश सोनवाल (80 किलो भार वर्ग) कांस्य पदक, सीनियर महिला वर्ग में डिम्पल जैन (50 किलो भार वर्ग) कांस्य पदक,पूजा मेघवाल (60 किलो भार वर्ग) स्वर्ण पदक जीतें। इस शानदार प्रदर्शन से उदयपुर जिले का नाम एक बार फिर राज्य स्तर




## विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने दीपावली पर्व पर डीग शहर में पैदल जनसंपर्क कर शहरवासियों को दी दीपावली की बधाई

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नीरज जैन)।** अक्टूबर।दीपों के पावन पर्व दीपावली के अवसर पर रविवार दोपहर डीग-कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेश दिगंबर सिंह ने डीग के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने विधान सभा क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि की। पूजा के पश्चात विधायक अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच उत्सवमय माहौल में शहर के बाजारों में पैदल रामा-श्यामा करने निकले। उनके दीपावली की शुभकामनाएं देने के कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्मण मंदिर से हुआ वह मुख्य बाजार, लोहा मंडी, नई सड़क, पुराना बस स्टैंड और गणेश मंदिर मार्ग से होते हुए शहर के अन्य सभी हिस्सों में पहुंचे। पूरे मार्ग में लोगों ने अपने लाडले विधायक का फूलमालाओं, पटकों , शॉल ओढ़ाकर और पुष्प बर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने दुकानदारों और नागरिकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ रामा-श्यामा की। इस दौरान शहर में अपने लाडले विधायक के प्रति लोगों में बड़ी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह त्योहार हमें एक-दूसरे के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने की प्रेरणा देता है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि डीग शहर में सुख, शांति और समृद्धि का प्रकाश सदा बना रहे।”












# भीड़ से निपटने के लिए कोटा मंडल में विशेष प्रबंध लागू

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (निसं)।** पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगामी दीपावली और अन्य पर्वों के दौरान अपेक्षित भारी भीड़ से निपटने के लिए विशेष प्रबंध लागू कर दिए गए हैं। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के नेतृत्व में एक समग्र योजना पर अमल शुरू हो चुका है, जिसके तहत प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़े सभी इंतजाम प्रभावी रूप से कार्यरत हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि 19 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2025 के बीच दीपावली के अवसर पर कोटा तथा सवाई माधोपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। साथ ही 8 नवम्बर तक चलने वाली विशेष ट्रेनों के कारण भी यात्री संख्या में इजाफा हो रहा है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मंडल ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी और अब इन व्यवस्थाओं को पूरी तरह से लागू कर दिया गया है।

**विशेष ट्रेनों का संचालन:** त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए निम्नलिखित विशेष रेल सेवाएं संचालित की जा रही हैं –

09821/22 (सोगरिया – दानापुर – सोगरिया): 27.09.25 से 03.11.25 तक (6-6 फेरे)

05212/11 (सोगरिया – बरौनी – सोगरिया): 28.09.25 से 08.11.25 तक (6-4 फेरे)

09819/20 (सोगरिया – दानापुर – सोगरिया): 29.09.25 से 04.11.25 तक (6-6 फेरे)

**यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए लागू प्रबंध :** कोटा मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण और यात्री सुविधा के लिए सभी आवश्यक कदम अमल में लाए जा चुके हैं। सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर टिकट जांच कर्मियों और रेल सुरक्षा बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। भीड़भाड़ वाले दिनों में अतिरिक्त टिकट खिड़कियां संचालित की जा रही हैं तथा प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, पार्किंग क्षेत्र और स्वच्छालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है। स्टेशन परिसरों में आरपीएफ की सहायता से बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष तथा वार रूम लगातार सक्रिय हैं। यात्री आवाजाही पर सतत नजर रखने और आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्रवाई के लिए वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों को भीड़भाड़ वाले समय में विशेष ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

# ग्रीन पटाखों का उपयोग कर पर्यावरण-अनुकूल एवं सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील

## जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने दी जिले वासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिले में 20 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले वासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। जिला कलक्टर ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपावली का पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कामना की कि रोशनी का यह पर्व सभी के जीवन को ज्ञान, ऊर्जा और आरोग्य से प्रकाशित करे और सभी जिले वासियों के घर-परिवार को खुशियों से रोशन करे तथा सभी के कार्य सफल हों। मिट्टी के दीपक और स्वदेशी उत्पादों का करें उपयोग : उन्होंने दीपावली के इस शुभ अवसर पर जिले वासियों से अपील की है कि वे स्थानीय बाजार में पहुंचकर मिट्टी के दीपक तथा स्वदेशी उत्पादों की खरीद कर स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों का उत्साहवर्धन करें।

सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल दीपावली की अपील : जिला कलक्टर ने ध्वनि और वायु प्रदूषण से बचने के लिए परंपरागत कम धुंए वाले ग्रीन पटाखों का उपयोग कर एक सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल दीपावली मनाने की अपील की है। उन्होंने पटाखा विक्रेताओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल पर ही पटाखों की बिक्री करें तथा पटाखों को सुरक्षित स्थान पर, सभी मानकों का पालन करते हुए रखें, ताकि किसी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना या आगजनी की घटना से बचा जा सके। उन्होंने बच्चों को पटाखों से दूर रहने की भी सलाह दी।

यातायात नियमों का करें पालन : उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है, ऐसे में सावधानी और सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने त्योहारों के दौरान शराब पीकर वाहन न चलाने को भी कहा है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि थोड़ी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए शराब सेवन कर गाड़ी चलाने से बचें और यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें।















# नष्ट करवाया 600 किलोग्राम दूषित मावा, नमूने लिए

**बढ़ता राजस्थान**

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खराब और दूषित पदार्थों को नष्ट करने की कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में शनिवार देर रात कार्यवाही करते हुए राम लखन पुत्र रामवीर मावा निर्माता से मावा एवं मिल्क पाउडर क्रीम, रिफाइंड पामोलिन तेल, स्किम्ड मिल्क पाउडर के नमूने लिए। साथ ही 100 किलो मावा को एवं मिल्क पाउडर को मौके पर नष्ट करवाया। वहीं लगभग 80 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं 6



पीपे रिफाइंड पामोलिन तेल को मौके पर ही जप्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में अग्रिम कार्रवाई हेतु रखवाया गया। इसके बाद सोनू पुत्र शिव सिंह से मावा, स्किम्ड मिल्क पाउडर, मिश्री, दूध, वनस्पति तेल का नमूना लेकर लगभग 300 किलोग्राम दूषित मावे को मौके पर नष्ट करवाया। इस दौरान लगभग 20 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं वनस्पति घी के 4 पीपे मौके पर जप्त किए। इसी क्रम में देव खेड़ा गांव में अचल सिंह मावा विक्रेता से मावा का नमूना लिया गया एवं रोहित मावा विक्रेता से मावा एवं रिफाइंड पामोलिन तेल का नमूना लेकर लगभग 200 किलोग्राम दूषित मावे को मौके पर नष्ट करवाया।


















# 'नव विधान' प्रदर्शनी ने जीता लोगों का दिल, कानून और तकनीक का अद्भुत संगम, 21 को प्रदर्शनी का अंतिम दिन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नवीन आपराधिक कानून के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस द्वारा आयोजित 'नव विधानः न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी का 21 अक्टूबर को अंतिम दिन होगा। सीतापुरा स्थित जेईसीसी परिसर में चल रही इस हाई-टेक प्रदर्शनी ने बीते एक हफ्ते में हजारों आगंतुकों को आकर्षित किया है।

## डीजीपी शर्मा व पूर्व डीजीपी ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

रविवार को अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया। इस दौरान पुलिस विभाग के कई शीर्ष अधिकारियों ने अपने परिजनों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसका मान बढ़ाया। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा ने सपरिवार प्रदर्शनी का गहराई से मुआयना किया और विभिन्न ज़ोन में चल रहे डेमो तथा तकनीक-आधारित प्रस्तुतियों में गहरी रुचि दिखाई। उनके साथ पूर्व डीजीपी श्री उमेश मिश्रा और श्री ओमप्रकाश गल्होत्रा तथा अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं आरपीए डायरेक्टर एस. सेंगाथिर भी मौजूद रहे, जिन्होंने नवीन न्याय व्यवस्था के नए दौर की झलक देखी और राजस्थान पुलिस के प्रयासों की सराहना की। रविवार को अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया। बच्चों, युवाओं और परिवारों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने नए आपराधिक कानूनों को समझने और पुलिस की आधुनिक कार्यशैली को करीब से देखने में गहरी रुचि दिखाई।

## न्याय व्यवस्था के नए दौर की झलक

गौरतलब है कि 13 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उद्घाटित यह प्रदर्शनी, भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में आए नवीन कानूनों के क्रांतिकारी बदलावों को आमजन तक पहुंचाने का माध्यम बनी है। राजस्थान पुलिस के महानिदेशक राजीव शर्मा ने आमजन से आह्वान किया है कि जो अब तक नहीं पहुँचे हैं, वे इस अंतिम दिन प्रदर्शनी का हिस्सा ज़रूर बनें, क्योंकि यह केवल कानून देखने का नहीं, बल्कि "न्याय के नए भारत" को समझने का मौका है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को यह दिखाना है कि नया कानून सिर्फ दंड नहीं, बल्कि न्याय, संवेदना और सुरक्षा की नई सोच लेकर आया है।

## मुख्य आकर्षण बने हाई-टेक जोन

- प्रदर्शनी स्थल को 10 थीम आधारित जोन में विभाजित किया गया है, प्रमुख थीम इस प्रकार हैं।
- वेपन सिमुलेटर: हथियार चलाने का वर्चुअल अनुभव आगंतुकों का सबसे बड़ा रोमांच बना।
- AI ड्राइविंग सिमुलेटर: सड़क सुरक्षा और स्मार्ट ड्राइविंग का आधुनिक प्रशिक्षण।
- कालिका यूनिट: महिला सुरक्षा की नई पहल के तौर पर खास आकर्षण।
- नाट्य मंचन: कानून को कहानी और अभिनय के माध्यम से समझाने का सृजनात्मक तरीका।




# कंज्यूमर केयर अभियान के तहत 71 फर्मों पर कार्रवाई, लगाया जुर्माना

**जयपुर।** उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा दीपावली के त्योंहार के मध्यनजर चलाये गये कंज्यूमर केयर अभियान में सातवें दिन विधिक मापविज्ञान अधिनियम - 2009 एवं डिब्बा बन्द वस्तुएँ नियम - 2011 के अन्तर्गत 71 फर्मों पर निरीक्षण कार्यवाही की गई। जिनमें से डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत 4 फर्मो पर तथा सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर 23 फर्मो पर प्रकरण दर्ज कर टीमों ने फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाकर 53500 रुपए का जुर्माना लगाकर 4 कांटे जब्त किये गये। इससे पहले 13 अक्टूबर से चलाये गये इस अभियान में कुल 596 फर्मो पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अन्तर्गत निरीक्षण किए गए। जिनमें से डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत 59 फर्मो पर तथा सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर 319 फर्मो पर प्रकरण दर्ज किया गया था।












## एक दिन में 19.84 लाख का रिकॉर्ड राजस्व किया अर्जित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (निसं)।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन के मार्गदर्शन और सतत निगरानी में टिकट जांच कार्य में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। मंडल के वाणिज्य विभाग के समर्पित कर्मचारियों द्वारा दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को सघन टिकट जांच अभियान चलाकर कुल 2,263 प्रकरणों में 19,84,715 का जुर्माना वसूल किया गया, जो अब तक की सर्वाधिक एकदिवसीय आय है। यह उपलब्धि मंडल के लिए गर्व का विषय है और यात्री अनुशासन तथा टिकट जांच कार्य की प्रभावशीलता को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।































# अंगूठी पहनाई:परिचय सम्मेलन से फिजूलखर्ची रोकने का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** सीकर में मानव जन सेवा संस्थान की ओर से 26 अक्टूबर को सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा। इससे पहले रविवार को बद्री विहार में परिचय सम्मेलन व सामूहिक सगाई समारोह हुआ। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से जोड़ों का परिचय करवाया गया। इसके बाद सगाई की रस्म की गई। इस अवसर पर समिति की ओर से जोड़ों को कपड़े, पोशाक व शगुन के तौर पर 101 भेंट किए गए। दुल्हन को बेस, दूल्हे को सूट, साफा, शेरवानी दी गई। संस्थान के अध्यक्ष धर्मेंद्र भूकल ने बताया कि परिचय और सगाई कार्यक्रम के बाद 26 अक्टूबर को सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास महाराज के सान्निध्य में 15 जोड़ों का विवाह सम्मेलन होगा।




## पंकज शर्मा ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने दीपावली के शुभ अवसर पर समस्त उदयपुरवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि दीपों का यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। शर्मा ने सभी से अपील की कि दीपावली का त्यौहार पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहते हुए सादगी और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं तथा जरूरतमंद लोगों के जीवन में भी खुशियों के दीप जलाएं।







## नीमकाथाना में रूप चौदस पर ब्यूटी पार्लरों में भीड़:150 पार्लरों में 3000 से अधिक महिलाओं ने करवाया श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान

**नीमकानाथा।** नीमकाथाना में रूप चौदस के अवसर पर ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ देखी गई। शहर के लगभग 150 छोटे-बड़े ब्यूटी पार्लरों में 3000 से अधिक महिलाओं ने अपना श्रृंगार करवाया। धनतेरस के अगले दिन मनाई जाने वाली रूप चतुर्दशी पर हर कोई अपना रूप निखारने के लिए पार्लरों में पहुंचा। रूप चौदस पांच दिवसीय दीपोत्सव के बीच मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन महिलाएं और युवतियां अपने सौंदर्य को निखारती हैं। इस पर्व का एक अन्य महत्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर राक्षस के वध से भी जुड़ा है।








**श्री नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री
भारत सरकार

**श्री भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री
राजस्थान सरकार

**श्री मदन राठौड़**
प्रदेश अध्यक्ष, राज. सरकार
एवं राज्यसभा सांसद

**श्री जवाहर सिंह बेढम**
गृह राज्य मंत्री
राजस्थान सरकार

**श्री झाबर सिंह खर्रा**
यू.डी.एच. मंत्री
राजस्थान सरकार

# नगर पालिका, बाडी

## राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का आमजन लाभ लें

- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना
- किसान सम्मान निधि योजना
- महात्मा गांधी नरेगा योजना
- लखपति दीदी योजना
- पेंशन योजना
- मुफ्त शिक्षा योजना
- लाडली सुरक्षा योजना
- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजना
- प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान
- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना
- प्रधानमंत्री जन धन योजना
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना
- प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना

- स्वच्छ भारत अभियान में सभी नगर पालिका का सहयोग करें।
- सड़क पर पानी, कचरा ना फैलायें।
- कूडे को कचरा पात्र में ही डालें।
- बिना निर्माण स्वीकृति के निर्माण नहीं करें।
- नगर पालिका की सम्पत्ति को नुकसान ना पहुँचायें।
- समय पर अपना नगरीय विकास कर जमा करायें।
- अपने बच्चों को खुले में शौच ना करायें।
- घर में जल प्रवाहित शौचालय का प्रयोग करें।
- नगर पालिका भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- सरकारी सम्पत्ति पर पोस्टर, बैनर लगाकर सुन्दरता ना बिगाड़ें।
- सडकों, गलियों तथा नालियों पर अतिक्रमण ना करें।
- समय पर 21 दिन के अन्दर जन्म मृत्यु का पंजीयन करायें।

अध्यक्ष
**कमलेश देवी**
नगर पालिका, बाड़ी

अधिशाषी अधिकारी
**श्याम बिहारी गोयल**
नगर पालिका, बाड़ी

**भगवत शरण त्यागी**
उपखण्ड अधिकारी, बाड़ी

**समस्त नगर पालिका प्रशासन, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण**


Organic SUNRISE Natural
GO Organic
for healthier tomorrow . . .
सर्व मंगलं मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोस्तुऽते॥
आपके परिवार के सेहतमंद जीवन के लिए
100% ऑर्गेनिक व शुद्धता से भरपूर
ऑर्गेनिक सनराईज नेचुरल के 300 से अधिक उत्पाद
हर्बल ज्यूस, हर्बल कैप्सूल्स, हर्बल कैंडीज, हर्बल पाउडर, स्वीट लीफ, घी, तेल, लेमन टी, हेयर क्लीनजर, कॉस्मेटिक एवं अन्य ढेरों उत्पाद
Sunrise Agriland Development and Research Pvt. Ltd.
An ISO 9001:2008, CRISIL, APEDA, Spice Board, NPOP, USDA, QEC-UKAS & SGS Organic Certified Organization
J/890, Phase-III, Sitapura Industrial Area, Tonk Road, Jaipur, Rajasthan-302022
+ 91 78919 55005, 83291 99541
e-mail : organic.naturaljpr@gmail.com
•www.sunriseagriland.com •www.organicfoodproducts.co.in
Available at amazon Flipkart
Follow us on
Happy Diwali
डॉ. अतुल गुप्ता


श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
भारत सरकार
श्री भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री
राजस्थान सरकार
श्री मदन राठौड़
प्रदेश अध्यक्ष, राज. सरकार
एवं राज्यसभा सांसद
श्री जवाहर सिंह बेढम
गृह राज्य मंत्री
राजस्थान सरकार
श्री झाबर सिंह खर्रा
यू.डी.एच. मंत्री
राजस्थान सरकार
नगर पालिका, बसेडी
राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का आमजन लाभ लें
बच्चों को खुले में शौच ना करायें।
घर में जल प्रवाहित शौचालय का प्रयोग करें।
न.पा. भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
सरकारी सम्पत्ति पर पोस्टर, बैनर लगाकर सुन्दरता ना बिगाड़ें।
सडकों, गलियों तथा नालियों पर अतिक्रमण ना करें।
समय पर 21 दिन के अन्दर जन्म मृत्यु का पंजीयन करायें।
अधिशाषी अधिकारी
राजवीर सिंह
नगर पालिका, बसेडी
प्रधानमंत्री उज्जवला योजना
प्रधानमंत्री आवास योजना
प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान
प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना
प्रधानमंत्री जन धन योजना
प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना
प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना
गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना
किसान सम्मान निधि योजना
महात्मा गांधी नरेगा योजना
लखपति दीदी योजना
पेंशन योजना
मुफ्त शिक्षा योजना
लाडली सुरक्षा योजना
स्वच्छ भारत अभियान में सभी नगर पालिका का सहयोग करें।
सड़क पर पानी, कचरा ना फैलायें।
कूडे को कचरा पात्र में ही डालें।
बिना निर्माण स्वीकृति के निर्माण नहीं करें।
नगर पालिका की सम्पत्ति को नुकसान ना पहुँचायें।
समय पर अपना नगरीय विकास कर जमा करायें।
सुरेन्द्र प्रसाद
उपखण्ड अधिकारी, बसेडी
समस्त नगर पालिका प्रशासन, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण

# संसदीय कार्य मंत्री महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती घायलों से मिले, जानी कुशलक्षेम, संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथदृश्री पटेल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर.** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जैसलमेर बस दुर्घटना में घायल यात्रियों से मिलने महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट पहुंचे। पटेल ने घायलों की कुशलक्षेम पूछी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने परिजनों से संवाद करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है, राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी तरह खड़ी है। पटेल ने कहा कि चिकित्सा विभाग एवं प्रशासन ने राहत एवं उपचार से संबंधित सभी कार्यों को पूरी सक्रियता के साथ संपादित किया हैं, जिससे घायलों को हरसंभव सहायता और बेहतर चिकित्सा सुविधा समय पर उपलब्ध करवाई जा सकी। उन्होंने दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। पटेल ने कहा कि सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सीय उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों की स्थिति, जलन के प्रतिशत, उपचार पद्धति और संसाधनों की उपलब्धता संबंधी विस्तृत जानकारी ली।

दीपावली पर्व की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अन्नपूर्णा फर्टीलाईजर एण्ड पेस्टीसाईडेस

किसानों की पहली पसन्द
अन्नपूर्णा खाद
सिंगल सुपर फॉस्फेट पाउडर एवं दानेदार खाद
निम्बाहेड़ा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) M.7891519932, 9265624105

दीपावली एवं भाईदूज पर्व की सभी जिलावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वीजन (Pvt.) I.T.I
ट्रेड
। इलेक्ट्रीशियन
। फीटर डीजल (मैकेनिकल)
VISION INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
An English Medium
Vision College of Pharmacy, D-Pharma (2-Years)
AGRASEN INSTITUTE OF PARAMEDICAL
Near Jahazpur Chungi Naka, Deoli (Uncha)
Mob.: 9214595271
हमारी ओर से एक अपील
आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलायेंगे।
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ बने भारत जब

शुभ दीपावली
समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली, भाई दूज एवं गोवर्धन पूजा के पावन पर्व की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं

विजय चौधरी
A Class Contractor
MAA Pitambara Contraction
Devli,Tonk (Raj.)
हमारी ओर से एक अपील
आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलायेंगे।
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ बने भारत जब

मानव धर्म शिक्षण संस्थान की ओर से जिलेवासियों, किसान भाईयों भाजपा कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को
दीपोत्सव व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं
मानव धर्म शिक्षण संस्थान
पनवाड़ रोड, एन एच-12 के पास, देवली (टोंक)

निदेशक
रणवीर सिंह चौहान
M.ed (IDD) B.A,B.Sc
Cource:- B.E.D(MR/IDD HI)
हमारी ओर से एक अपील
आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलायेंगे।
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ बने भारत जब

# गलतफहमी के चलते युवक को मारी थी गोली, 4 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में दीपावली की शॉपिंग करने आए 4 बदमाशों ने दुश्मन समझ गलतफहमी में एक युवक पर फायरिंग की थी। बदमाशों ने युवक के पैर में गोली मारकर लहूलुहान कर दिया था।
वहीं लोगों को देखकर चारों बदमाश कार से फरार हो गए थे। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने युवक की हत्या के प्रयास में चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात में यूज की कार जब्त कर ली है।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार:** SHO (खोह नागोरियान) ओम प्रकाश ने बताया- हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी दिलखुश मीणा (23) निवासी करौली, सौरभ मीणा (21) निवासी बामनवास करौली, खुशीराम मीणा (23) निवासी सदर करौली और आशिक मीणा (22) निवासी वजीरपुर करौली को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज कार जब्त की है। पूछताछ कर आरोपियों से हथियार बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**गांव के दुश्मन से मिलता-जुलता दिखा पीड़ित तो मार दी गोली:** पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनकेगांव के रहने वाले अवधेश मीणा से पुरानी दुश्मनी है। अवधेश मीणा से पुराना विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि 11 अक्टूबर को दिवाली के कपड़े लेने जयपुर आए थे। इंदिरा गांधी नगर में शराब पार्टी के दौरान अवधेश जैसा व्यक्ति लाल शर्ट में बैठा दिखाई दिया। गलतफहमी के चलते सौरभ मीणा ने जान से मारने की नीयत से करौली निवासी बृजराज मीना (30) पर तीन-चार फायर किए। गोली मारकर कार में बैठकर फरार हो गए।

**पीड़ित के पैर में लगी थी गोली:** SHO (खोह नागोरियान) ओमप्रकाश ने बताया- करौली के रहने वाले बृजराज मीना (30) के पैर में गोली लगी थी। वह 2 दोस्तों के साथ हफ्तेभर पहले रात करीब 7:45 बजे रिद्धी-सिद्धी एसबीआई के पास सोया चाप खाने आया था।

दुकान के बाहर खड़े होने के कारण चार-पांच लड़कों ने उस पर हमला कर दिया। डंडे से मारपीट कर उसे रोड पर गिरा दिया। इसके बाद बदमाशों ने देसी कट्टे से बृजराज मीणा के पैर में गोली मार दी। खून से लथपथ हालत में चिल्लाने पर लोगों को इकट्ठा होते देखकर बदमाश भाग गए। पुलिस ने घायल बृजराज को तुरंत हॉस्पिटल में इलाज के लिए एडमिट करवाया था।

# RSS के नागौर विभाग संघचालक हनुमान सिंह देवड़ा का निधन

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नागौर विभाग संघ चालक हनुमान सिंह देवड़ा का शनिवार की देर रात ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। देवड़ा के निधन से पूरा संघ परिवार स्तब्ध है, क्योंकि देवड़ा संघ चालक होने के साथ साथ संघ के मजबूत स्तम्भ थे, जिन्होंने नागौर विभाग में आरएसएस के लिए लगातार काम किया और प्रत्येक स्वयंसेवक से आत्मीयता से जुड़े हुए थे। देवड़ा राजकीय सेवा में थे। उन्होंने पीटीआई के तौर पर 31 साल सरकार के शिक्षा विभाग में सेवा दी। लेकिन वे प्रदेश के उन शिक्षकों में शामिल थे, जिनके रिटायरमेंट पर पूर्व छात्रों ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने भी शिरकत की थी।

# पीटीईटी :बीएड दो वर्षीय पाठ्यक्रम में 9355 नए प्रवेश, 15 हजार सीटें रिक्त

बढ़ता राजस्थान

**नागौर।** दो व चार वर्षीय बीएड की खाली सीटों को भरने के लिए ओपन राउंड काउंसलिंग में रिपोर्टिंग की 18 अक्टूबर अंतिम तिथि थी। दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में 92 हजार सीटें भरी जा चुकी हैं। ओपन राउंड में करीब 9 हजार नए प्रवेश हुए हैं। - डॉ.आलोक चौहान, समन्वयक, पीटीईटी। दो वर्षीय में 9 हजार प्रवेश, चार वर्षीय में तरसे प्रदेश में दो वर्षीय बीएड कोर्स में 944 कॉलेजों में 1 लाख 7 हजार 760 सीटें उपलब्ध हैं।

इसमें से 92 हजार सीटें भरी जा चुकी हैं। ओपन राउंड में करीब 9 हजार से अधिक नए प्रवेश हुए हैं वहीं, बीए-बीएड कोर्स में 443 कॉलेजों में 9 हजार 184 सीटें खाली रही थी। बीएससी-बीएड कोर्स में 414 कॉलेजों में 10 हजार 701 सीटें खाली थीं। इन सीटों पर ओपन राउंड के बाद में भी नाम मात्र के ही प्रवेश हो पाए हैं। जिससे इस सत्र में खाली सीटें अब भरना मुश्किल है। भास्कर न्यूज । नागौर प्रदेश के बीएड कॉलेजों में दो वर्षीय पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर 9355 अभ्यर्थियों को एडमिशन मिला है। जबकि 15 हजार सीटें अभी भी रिक्त हैं।









# दीवार फांदकर 6-लाख के गहने और कैश ले उड़े चोर:भाई के घर गृह प्रवेश और जलवा कार्यक्रम में गई थी महिला

बढ़ता राजस्थान



**सीकर।** सीकर के कोतवाली थाना इलाके में मकान से 6 लाख के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला अपने भाई के घर पर गई हुई थी। सुबह वापस आकर देखा तो ताले टूटे हुए मिले और सामान बिखरा हुआ मिला। अब पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। इस संबंध में डोटासरा कॉलोनी वार्ड नंबर 65 निवासी शारदा सैनी ने कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उनके भाई के घर पर जलवा और गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। शारदा वहां पर गई हुई थी,शाम को शारदा ने अपने गहने घर पर उतार दिए और रात करीब 8 बजे भाई के घर पर वापस चली गई। सुबह 9 बजे आकर देखा तो अंदर ताला टूटा हुआ था। सोने के 2 हार,सोने की रखड़ी,मंगलसूत्र सहित करीब 6 लाख के जेवरात और 50 से 60 हजार रुपए गायब मिले। परिवार ने कहा- मकान की चारदीवारी की हाइट छोटी है। ऐसे में शक है कि दीवार फांदकर चोर अंदर घुसे और फिर चोरी की वारदात को अंजाम देकर इसी दीवार को फांदकर वापस चले गए। अब पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।















युग उद्योग मसाले
की ओर से समस्त देवली क्षेत्र वासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश गर्ग
पूर्व अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी, देवली
हरीश चन्द्र मीना
सांसद,टोंक सवाई माधोपुर
अब्दुल शमीम
रंगरेज, कांग्रेसी नेता
हमारी ओर से एक अपील
'आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, ''स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलाएंगे।''
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ़ बने भारत जब




सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेन्द्र गुर्जर
विधायक
देवली उनियारा
मेहनत अक्सर आदत बन जाए तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती हैं
विनोद साहू, देवली
हमारी ओर से एक अपील
आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलाएंगे।
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ बने भारत जब
सौजन्य से : न्यू जय भवानी ऑटो पार्ट्स
गांधी कॉम्प्लेक्स, पीर बाबा के सामने, देवली (टोंक) प्रोपराइटर-विनोद साहू




समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व की लख लख बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीराम क्लिनिक
मारूति मेडिकल एंड जनरल स्टोर
डॉ.हुकम चन्द
अभिशेक साहू
श्रीराम क्लीनिक
बुद्धिप्रकाश साहू
हमारी ओर से एक अपील
आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलायेंगे।
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ बने भारत जब




झिलमिलाते दीपों की रोशनी से प्रकाशित ये
दीपावली
आपके घर में सुख समृद्धि और आशीर्वाद ले कर आये
शुभदीपावली
हार्दिक शुभकामनाएं
हमारी ओर से एक अपील
आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलायेंगे।
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ बने भारत जब
शुभेच्छु : आर. के. टाक




केदार कन्स्ट्रक्शन देवली की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भाई दूज के पावन पर्व की लख लख बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं
हमारी ओर से एक अपील
आओ हम सब मिलकर भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं, स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलायेंगे।
सुनो गौर से भारतवासी
मिली आजादी अच्छी खासी
लाभ हो इस आजादी का तब
स्वच्छ और साफ बने भारत जब
कैलाश चतुर्वेदी
कान्ट्रेक्टर पटेल नगर, देवली


महालक्ष्मी ज्वैलर्स
Presents
महालक्ष्मी का महा ऑफर
"4 DAYS MEGA GOLD OFFER"
17 | 18 | 19 | 20 October
LIVE RATE PAR
FLAT ₹1200 OFF
PER TOLA!
HAPPY Diwali
FESTIVAL OF LIGHT
1. इस त्योहारी सीजन में अपने लिए या अपनों के लिए सोना खरीदने का सुनहरा मौका!
2. सिर्फ 4 दिन – मौका चूक गए तो इंतज़ार पूरे साल!
चिड़ावा | गुढ़ा गौड़जी | चनाना | झुंझुनू | नीमकाथाना
+91 724-724-1772
mahalaxmijewellers.in


आप सभी को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
India's Leading Fire Safety Group
ISO 9001:2015 Certified Company
TKN FIRE SAFETY JHUNJHUNU
स्कूल | कॉलेज | हॉस्पिटल | शॉपिंग मॉल | ऑफिस | अपार्टमेंट | शोरूम
आदि में फायर सेफ्टी सिस्टम इंस्टॉलेशन करवाने एवं फायर एन.ओ.सी. की जानकारी के लिए सम्पर्क करें
फायर सेफ्टी के सभी उपकरण, ट्रेनिंग, फायर NOC की जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
फायर हाइड्रेन्ट, फायर अलार्म सिस्टम, फायर स्प्रिंकलर
फायर एक्सटिंग्विशर कम्पलीट फायर सेफ्टी सर्विस
फायरमैन
फायर ऑफिसर | सेफ्टी ऑफिसर | सैनेट्री इंस्पेक्टर
IOSH, OSHAS, NEBOSH IGC, FIRST AID
NTT / ECCE
प्रवेश प्रारम्भ: 9461466838
माननीय अशोक गहलोत
डॉ. मनोज सिंह
9407448089
Branch Office: Bikaner | Jaipur | Sikar | Ajmer | Sardarsahar | Bhilwara
Head Office: Mandawa Mode, Jhunjhunu


दीपावली समारोह
दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं!
आपके जीवन में खुशियाँ, समृद्धि और सफलता का उजाला हमेशा बना रहे। माँ लक्ष्मी और गणेश जी की कृपा से आपके घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास हो।
हरिसिंह गोदारा


SANSKAR SCIENCE ACADEMY Todi, Gudha Gorji (Jhunjhunu) Raj. Tel: 01594-263155
संस्कार साइंस एकेडमी परिवार की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिव: प्रहलाद बांगड़वा


Dr. Annushri's Shree Diagnostics
Affinity. Dedication. Innovation.
NABH ACCREDITED
Only centre with new and advanced AI based CT and MRI Machine
24/7 Emergency Services
PREMIUM DIAGNOSTICS
Dr. Annu Shri
MBBS, MD (Radiodiagnosis)
Consultant Radiologist
RMC Reg. No. : 39178/22231
MRI SCAN
CT SCAN
3D / 4D सोनोग्राफी
अनोमली / टिफ्फा स्केन
रंगीन सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
पैथोलॉजी लैब
ई.सी.जी.
सी.टी. स्केन
ADVANCE MRI
OPG / CBCT
डॉ. अन्नुश्री श्री डायग्नोस्टिक्स
HDFC बैंक के सामने, रोड़ नं. 1, झुंझुनूं | Helpline : 9504 361 361 / 9504 341 341
www.shreediagnostics.in
shreediagnosticsjjn@gmail.com
Dr.Annushri's Shree Diagnostics


CKRDM NURSING COLLEGE
B.Sc. Nursing | P.B.B.Sc. Nursing | GNM
Dhigal (Jhunjhunu) - 7597670291
CKRDM PARAMEDICAL COLLEGE
DMLT | DRT | DOTT | DDT | DETCT
DBBT | DOT | DCT | DEEGT | DECGT
RIICO, JHUNJHUNU - 8824408298
CKRDM PHARMACY COLLEGE
D.PHARMA
Dhigal (Jhunjhunu) - 7665285600
CKRDM PVT. ITI
ELECTRICIAN | FITTER | ELECTRONICS | MECHANIC DIESEL | REF.& AC. | COPA
RIICO, JHUNJHUNU - 7425932484
ECHS, RGHS, ESIC, BSNL, पेंशनधारी, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत कैशलेस ईलाज
CKRDM HOSPITAL
अस्पताल परिसर में 24 घण्टे सीटी स्केन एवं डायलिसिस सुविधा
हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
जनरल फिजिशियन
मस्तिष्क एवं मनोरोग विशेषज्ञ
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
मुख एवं दंत रोग विभाग
नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग
नेत्र रोग विभाग
गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग
पेट, आंत एवं लीवर रोग विशेषज्ञ
हृदय रोग विभाग
कैंसर रोग विभाग
कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
न्यूरो एवं स्पाईन रोग विशेषज्ञ
फिजियोथैरेपी विभाग
होम्योपैथिक विभाग
सुभाष मार्ग, इन्दिरा नगर, झुंझुनूं (राज.) | 01592-239740 / 235740

# चार बहनों को कुचलने के लिए दौड़ाया ट्रैक्टर, VIDEO:आरोपियों ने कुल्हाड़ी से किया हमला, रातों-रात खेत में बना दिया था कमरा

**बढ़ता राजस्थान**

**नागौर।** नागौर में 4 बहनों को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की गई। आरोपी पिता-पुत्र ने चारों बहनों के खेत में रातों-रात पक्का निर्माण कर लिया था। जिसका विरोध करने पर उनपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर घायल बहनों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

घटना डेगाना-खाटू हाईवे पर स्थित मिठड़िया गांव की रविवार सुबह 10 बजे की है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मिठड़िया निवासी भंवर लाल और उसके बेटे गजेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पीड़ित बहनों का आरोप है कि उनके खेत में गांव के ही भंवरलाल ने रातों-रात पक्का निर्माण कर लिया, जिसे वे हटाने गई थी।

पीड़ित बहनों का आरोप है कि उनके खेत में गांव के ही भंवरलाल ने रातों-रात पक्का निर्माण कर लिया, जिसे वे हटाने गई थी।

खेत को लेकर चल रहा विवाद

सुमन मेघवाल ने बताया- हम 5 बहनें हैं, भाई नहीं है। 4 बहनों की शादी हो चुकी है। मां बीमार रहती है। हमारे पास 9 बीघा जमीन थी। 2012 में पिता जी ने एक बीघा बेच दी थी। साल 2013 में मेरे पिताजी की मौत हो गई। इसके बाद से जमीन की सीमा को लेकर झगड़ा शुरू हो गया। हमारी 8 बीघा जमीन के पास ही बेची गई एक बीघा जमीन भी है।

साल 2017 में हमारी एक बीघा जमीन को खरीदने वाले ने भूमि कन्वर्जन करवाकर भंवरलाल जाट को बेच दी। जमीन की सीमा को लेकर उससे भी कई बार झगड़ा हुआ।

सुमन (31) ने कहा कि शनिवार रात को भंवरलाल ने हमारी जमीन पर पक्का निर्माण कर लिया। सुबह हमें जानकारी मिली तो मैं और मेरी तीन बहनें मस्तु (26), किरण (23) और मोनिका (17) खेत पर पहुंचे। भंवरलाल ने हमारे खेत में सीमेंट की ईंटों के ब्लॉक से पक्का कमरा बना रहा था। करीब 6 फीट की हाईट में निर्माण हो रखा था। हमने उस निर्माण को हटाना शुरू कर दिया।

इसी दौरान भंवरलाल का बेटा गजेंद्र वहां आया और हमसे झगड़ा करने लगा। कुछ देर बाद भंवर लाल ट्रैक्टर लेकर आया और हम पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

### एक महिला को रेफर किया

मौके पर मौजूद लोगों ने घायल चारों बहनों को डेगाना के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां से मस्तु को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य तीन को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

घटना की सूचना मिलने पर डेगाना पुलिस उप जिला अस्पताल पहुंची। डेगाना थाने के एएसआई चेना राम डिडेल ने बताया-पीड़ित बहनों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। डेगाना डिप्टी जय प्रकाश बेनीवाल ने बताया-मामला दर्ज कर आरोपियों को 151 में पाबंद कर डेगाना थाना लाया गया है। सुबह एसी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## माइनर से मेजर में तब्दील करने का रास्ता साफ

**पीपाड़ शहर/बोरुंदा ।** राजस्थान के खनन क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए भारत सरकार ने चूना पत्थर (लाइमस्टोन) की माइनर खानों को मेजर मिनरल में तब्दील करने का रास्ता साफ कर दिया है। यह निर्णय पिछले 10 वर्षों से लंबित प्रकरण का समाधान है, जिससे जोधपुर के रणसीगांव, झाक, बोरुंदा तथा नागौर के माणकपुर, भावण्डा गोटन और खींवसर बैरावास क्षेत्र के लगभग 500 खान धारकों विशेषकर 4 हैक्टेयर भूमि वाले किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। इस कदम से न केवल खनन उद्योग को नई दिशा मिलेगी बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साल 2015 में भारत सरकार ने अपनी नई खनिज नीति के तहत चूना पत्थर को मेजर मिनरल घोषित किया था। राजस्थान सरकार ने 2016-17 में इस निर्णय को स्वीकार तो किया, लेकिन पुराने माइनर मिनरल पट्टों को अद्यतन नहीं किया गया।

## सर्वर ठप, 2 दिन से मूंग व मूंगफली पंजीयन ठप, टोकन के लिए कतारों में लगे रहे किसान



**नागौर।** नागौर एक तरफ जहां पूरा प्रदेश दीपावली की खुशियों में डूबा हुआ है, वहीं दूसरी ओर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर मूंग और मूंगफली बेचने के लिए टोकन लेने की जद्दोजहद में मायूस घूम रहे हैं। सरकारी खरीद के लिए शनिवार को शुरू हुआ ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल लगातार दूसरे दिन रविवार को भी ओवरलोड के कारण ठप रहा, जिससे ई-मित्र केंद्रों पर किसानों की लंबी लाइनें लगी रहीं और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

पोर्टल की अधूरी तैयारी और तकनीकी अव्यवस्था का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि सुबह से पोर्टल में तकनीकी खराबी बनी रही और दोपहर तक ओटीपी प्राप्त नहीं हुआ, जिससे टोकन जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित हो गई। कृषि मंडी के पास स्थित ई-मित्र संचालक प्रकाश पूनिया ने बताया कि सुबह 9 बजे से लगातार शाम 7 बजे तक पंजीयन के लिए प्रयास करते रहे, लेकिन दिन भर में मुश्किल से केवल 10 टोकन ही जारी हो पाए। बार-बार सर्वर ठप होने के कारण एक पंजीयन में करीब 2 घंटे का समय लग रहा है।

धीमी गति से पंजीयन होने के कारण किसान एक ई-मित्र से दूसरे ई-मित्र पर भटकने को मजबूर हैं। - किसानों की इस भारी अव्यवस्था पर विभिन्न संगठनों ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने राजफेड प्रबंध निदेशक और सहकारिता मंत्री को इस समस्या से अवगत कराया है और तत्काल समाधान की मांग की है। संगठनों ने सुझाव दिया है कि यदि पोर्टल की क्षमता पर्याप्त नहीं है, तो भीड़ और परेशानी कम करने के लिए संभागवार पंजीयन की व्यवस्था शुरू की जानी चाहिए। - अधिकारियों के अनुसार, तकनीकी समस्या का समाधान जल्द होने की संभावना है, जिसके बाद ही पंजीयन सुचारु रूप से शुरू हो पाएगा। (मूंग का एमएसपी 8768 प्रति क्विंटल और मूंगफली का 7263 प्रति क्विंटल निर्धारित है।



















# डीसीपी राशि की सूझबूझ से सुलझा फिल्मी अपहरण; सॉफ्टवेयर इंजीनियर निकला मास्टरमाइंड, हकलाते मांगी फिरौती

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** ब्रह्मपुरी का अनुज, जो पंजाब के संगरूर में बीटेक कर रहा था, 15 अगस्त 2024 को जयपुर आया था। 18 अगस्त को वह अपने स्कूल के दोस्त सोनी सिंह के साथ बाइक से नाहरगढ़ घूमने निकला। उसे क्या पता था कि उसके कपड़े और स्मार्ट घड़ी उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा खतरा बन जाएंगे। वहां मौजूद कुछ युवकों ने उसे 'अमीर घर का लड़का' समझा और फिल्मी अंदाज में उसका अपहरण कर लिया। मुंह पर टेप चिपकाई, हाथ-पैर बांधे और कार में डाल लिया। सोनी को पीटकर रास्ते में फेंक दिया।

सोनी घर पहुंचा और परिजनों को जानकारी दी, लेकिन पुलिस को भीड़भाड़ वाले इलाके से अपहरण की कहानी हजम नहीं हुई। उस दौरान मैंने टूटी बाइक और एक चप्पल देखकर भांप लिया कि मामला अपहरण का है। मेरे निर्देश पर मामला दर्ज हुआ और जांच शुरू हुई। रिश्तेदारों व रंजिश रखने वालों को राडार पर लिया गया। हर एंगल से जांच हुई, ड्रोन से नाहरगढ़ पहाड़ी तक सर्च कराया गया, पर कोई सुराग नहीं मिला। तभी अनुज के पिता के मोबाइल पर उसके ही नंबर से कॉल आया। सामने से हकलाते हुए युवक ने कहा- 20 लाख रुपए दे दो, बेटे को जिंदा देखना है तो। पिता बेहोश हो गए, मगर मां ने हिम्मत दिखाई। सात दिन तक अपहरणकर्ता राजस्थान से बाहर शहर और लोकेशन बदलते रहे। आखिरकार मैंने तय किया कि फिरौती दी जाएगी, मगर पुलिस के तरीके से। बैग में ऊपर असली नोट और नीचे नकली गड्डियां रखवाई गईं। एक पुलिसकर्मी को अनुज का मामा बनाकर भेजा गया। बदमाश ने कॉल कर बताया- चंडीगढ़ से 20 किमी दूर कालीमाता मंदिर में पैसे लाओ। पुलिस पहले से पहुंच चुकी थी।

# मरीजों को मिलेगी सुविधाएं:ESIC मॉडल अस्पताल में भी मिलेगा दिल का इलाज

**अजमेर।** दिल के मरीजों के लिए राहत वाली खबर है। अजमेर रोड के लक्ष्मी नगर स्थित ईएसआईसी मॉडल अस्पताल में कैथ लैब की सुविधा नवंबर माह से मिलने लगेगी। जिससे मरीजों को रैफर नहीं करना पड़ेगा।

दिल का दौरा, अनियमित धड़कन, वाल्व की बीमारी, हार्ट ब्लोकेज, कोरोनरी आर्टरी और ब्लड प्रेशर से संबंधित बीमारियों का इलाज यहीं पर मिल सकेगा। कैथ लैब में आधुनिक मशीनें आ चुकी है, सिर्फ इंस्टाल किया जाना बाकी है। हर माह दिल की बीमारी के 35 से 50 मरीजों को रैफर करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की ओर से हॉल ही में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज जयपुर को एमबीबीएस की 50 सीटों की अनुमति मिल चुकी है।

अस्पताल में एमआरआई, सीटी-स्कैन, प्ल्यूरोस्कॉपी और मेमोग्राफी जैसी जांचों का इंतजार। एमबीबीएस की 50 सीटों के हिसाब से अगले छह माह में इन जांचों की सुविधा प्रारंभ करना अनिवार्य।












# उल्लास का पर्व दीपोत्सव



भारत देश त्योहारों का देश है। ये त्योहार जीवन और जाति में प्राणों का संचार करते हैं। ये हमारे लिए प्रेरक शक्ति लेकर आते हैं। ये हमारे सांस्कृतिक परम्पराए धार्मिक भावना, राष्ट्रीयता, सामाजिकता तथा एकता की कड़ी के समान हैं। प्रत्येक त्योहार की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। त्योहार हमारे नीरस जीवन को आनन्द और उमंग से भर देते हैं। भारत के पर्व किसी न किसी सांस्कृतिक अथवा सामाजिक परम्परा के प्रत्येक रूप में स्मरण किये जाते हैं। ये हमारी आस्तिकता और आस्था के भी प्रतीक हैं। दीवाली भी भारत का एक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय पर्व है। यह पर्व अन्य पर्वों में प्रमुख है। जगमगाते दीपों का त्योहार सब के आकर्षण का केन्द्र बनकर आता है। इस पर्व के आने से पूर्व लोग घरों, मकानों और दुकानों की सफाई करते हैं। प्रत्येक वस्तु में नई शोभा आ जाती हैं। सब पर्वों का सम्राट् यह पर्व सर्वत्र आनन्द और हर्ष की लहर बहा देता है।

प्रकाश का पर्व दीपावली इस वर्ष 20 अक्टूबर, सोमवार को मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में दिवाली सबसे बड़ा त्योहार होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार दीपावली प्रत्येक वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर मनाई जाती है।

## दीवाली की तिथि और शुभ मुहूर्त

*अमावस्या तिथि 20 अक्तूबर को शाम 3 बजकर 44 मिनट से शुरू हो जाएगी, जिसका समापन 21 अक्तूबर को शाम 5 बजकर 54 मिनट पर होगा। लक्ष्मी पूजा का मुहूर्त 7:08 पीएम से लेकर रात 08:18 पीएम तक है. दिवाली पर लक्ष्मी पूजा का निशिता मुहूर्त 11:41 पी एम से 12:31 ए एम तक रहेगा.*

दीपावली की पूजा में घी या तेल के दीपक जलाने से घर में नकारात्मक ऊर्जा दूर होकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। घर के सदस्यों को यश एवं प्रसिद्धि मिलती है। वास्तु नियमों के अनुसार अखंड दीपक पूजा स्थल के आग्नेय कोण में रखा जाना चाहिए। इस दिशा में दीपक रखने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है तथा घर में सुख-समृद्धि का निवास होता है। दीपावली के दिन लक्ष्मी जी की पूजा के दीपक उत्तर दिशा में रखने से घर धन-धान्य से संपन्न रहता है।



## दीवाली का महत्त्व

दीवाली स्वच्छता का भी प्रतीक है। छोटे-बड़े, धनी-निर्धन सब इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाते हैं। इस दिन की साज-सजा तथा शोभा का वर्णन करना सरल नहीं। बाजारों में रंग-बिरंगे खिलौनों की दुकानें सज जाती हैं। इस दिन बालकों का उत्साह अपने चरम पर दिखाई देता है। वे पटाखे चलाकर अपनी प्रसन्नता का परिचय देते हैं। मिठाई की दुकानों की सजावट दर्शनीय होती है। दीवाली की रात्रि का दृश्य अनुपम होता है। रंग-बिरंगे बच्चों की पंक्तियां सितारों से होड़ लगाती दिखाई देती हैं। आतिशबाजी के कारण वातावरण में गूंज भर जाती है। दीवाली अनेक दृष्टियों में महत्त्वपूर्ण पर्व है। व्यापारी लोग इस दिन को बड़ा शुभ मानते हैं। वे इस दिन अपनी बहियां बदलते हैं तथा नया व्यापार शुरू करते हैं। यह पर्व एकत्व का भी प्रतीक है। सभी धर्मों के लोग इस पर्व को समान निष्ठा के साथ मनाते है। यह पर्व राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता का भी साधन है। दीवाली के अवसर पर जो सफाई की जाती है, स्वास्थ्य के लिए भी बड़ी लाभकारी होती है। क्योंकि इसके पूर्व वर्षा ऋतु के कारण घरों में दुर्गन्धि भर जाती है, वह इन दिनों सुगन्धि के रूप में बदल जाती है। दीवाली मनुष्य की वैमनस्य भावना को समाप्त कर एकता अपनाने की प्रेरणा देती है। मनुष्य कर्त्तव्य-पालन में सजगता का अनुभव करता है।

## दीपक जलाने का महत्व

*दीप ज्योति से समस्त पाप नष्ट होकर जीवन में सुख-समृद्धि, आयु, आरोग्य एवं सुखमय जीवन में वृद्धि होती। गाय के घी का दीपक जलाने से आसपास का वातावरण रोगाणु मुक्त होकर शुद्ध हो जाता है। पूजा अर्चना करते वक्त दीपक जलाने के पीछे भी यही उद्देश्य होता है कि प्रभु हमारे मन से अज्ञान रुपी अन्धकार को दूर करके ज्ञान रुपी प्रकाश प्रदान करें। जिन घरों में रोज सुबह-शाम नियमित रूप से दीपक जलाया जाता है, वहां सकारात्मक ऊर्जा सक्रिय रहती है। दीपक के धुएं से वातावरण में मौजूद हानिकारक सूक्ष्म कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। दीपक अंधकार और नकारात्मकता को मिटाकर प्रकाश फैलाता है, इसी वजह से घर में सुबह-शाम दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बना रहता है।*

## कहां-कहां जलाएं दीप

**दीपों का उत्सव आरंभ होते ही घर-घर में दीप झिलमिलाने लगते हैं।**

1. सबसे पहले घर के मंदिर में जहां लक्ष्मी का मुख्य पूजन करें वहां अखंड दीपक जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि यह दीपक रातभर बुझना नहीं चाहिए।
2. धन की कामना पूरी हो, इसके लिए मुख्य दरवाजे के बाहर दोनों तरफ दीपक अवश्य लगाएं।
3. एक दीपक वहां लगाएं जहां पीने के पानी रखा जाता है।
4. घर के तुलसी चौरे में दीपक लगाएं। यहां दीपावली के अलावा भी हर दिन दीपक लगाना चाहिए।
5. पीपल के पेड़ के नीचे दीपक लगाएं। मगर, ध्यान रखें कि दिया लगाने के बाद उसे पीछे मुड़कर देखना नहीं है। यह उपाय दिवाली वाली रात में करना है।
6. घर के आस-पास किसी चौराहे पर दिवाली की रात में दिया जरूर जलाएं। इससे भी पैसों से जुड़ी समस्याएं खत्म हो जाती हैं।
7. घर के आस-पास स्थित मंदिर में भी एक दिया लगाएं। इससे सभी देवी-देवताओं की कृपा मिलती है और क्लेशों से मुक्ति व मानसिक शांति मिलती है।
8. बेलपत्र के पेड़ के नीचे दिया लगाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से आर्थिक के अलावा व्यक्ति के जीवन में आने वाली अन्य तरह की परेशानियां दूर होती हैं।
9. यदि भूत-प्रेत संबंधी परेशानी आ रही हो, तो पितरों के निमित्त श्मशान में एक दीपक जरूर लगाएं।
10. अपने घर की मुंडेर, दहलीज, खिड़की, बाथरूम, छत पर, दरवाजे, पर दीपक लगाने के साथ ही एक दीपक पड़ोसी के घर में भी शुभ शगुन का रखना चाहिए।

# अनेक लाभ देती है दीये की जोत

ज्योति (दीये में जलाने वाली जोत) दो प्रकार ही होती है। प्रातः कालीन व सायंकालीन लेकिन समयानुसार या साधना अनुसार या नियम अनुसार यह दोपहर व रात्रि को भी अनेकों उत्सवों में प्रज्ज्वलित की जाती है।

प्रातः कालीन दीप मंजरी से यह अभिप्राय है कि हे प्रभु! हमारा सारा समय उत्तम प्रकार से सत्कर्मों को करते हुए व्यतीत हो। हम अपने जीवन में अपने परिवार की लिए लौकिक-आलौकिक सुखों को आप के माध्यम से प्राप्त करके परिवार को समर्पित करें। सभी अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर उन्नति करें व संस्कारो को उन्नत करें।

अतः प्रातः कालीन जोत संस्कार देती है, यश प्रदान करती है, दीर्घायु देती है, धन में वृद्धि करती है और मानसिक संतापों को हरने वाली होती है। प्रातः कालीन जोत करने वाले जीव जिस कार्य में भी हाथ डालते हैं वह कार्यों उनकी यथारूचि पूर्ण होता है। कारण, यह अखंड सौभाग्य देने वाली होती है और



सौभाग्यशाली जीव जहां भी जाएगा, वहां स्वयं खुशहाली आ जाएगी।

अनेकों प्रकार के दुर्भाग्य भाग जाते हैं, अनेकों रोगों से मुक्ति होती है और खाया हुआ भोजन सुपाच्य हो जाता है व शरीर की रचना स्वयं में सही प्रकार से संचालित होती है। रक्?त चाप उच्च या निम्न नहीं होता, हृदय गति अवरुद्ध नहीं होती नेत्र ज्योति सम्पूर्ण रूप से कार्य करती है और असमय सिर के बाल नहीं झड़ते, एवं कान, नासिक व दांत यह दीर्घायु तक भी सुचारू कार्य करते रहते है। ज्वर आदि प्रकोप नहीं होते, गलकंठ नहीं होती। कार्य करने की क्षमता स्वतः ही उत्साही हो जाती है। आलस्य का परित्याग हो जाता है इसलिए कहा है की प्रथम सुख निरोगी काया।

इस प्रातः कालीन जोत से एक अचूक परिवर्तन जो जीवन में होता है वह बहुत चमत्कारी होता है क्रोध जो शरीर को हानि पहुंचाता है नियंत्रण में रहता है। लालसाएं, द्वेष, कुविचार और आत्मगलानि जैसे कोई भी कर्म जीवन में प्रवेश नहीं करते। तर्क, सुतर्कों में बदल जाते हैं बुद्धि तीव्र हो जाती हैं व निर्णय लेने की क्षमता परिपक्व हो जाती है। जिससे समय के मापदंड को पहचानते हुए समय का सदुपयोग होता है। व्यर्थ के दिखावे, खर्चे, आमोद-प्रमोद व मनोरंजन आदि इन सबसे समय रहते हुए प्राणी बच जाता है और जहां इतना कुछ केवल मात्र प्रातः कालीन जोत प्रज्ज्वलित करने से मिलता हो, तो इतने बड़े उल्लासित संस्कार को आजीवन करने में क्या हानि है।

दादी और बाबा के संस्कार व किए गए सत्कर्म व कुकर्म तीसरी और पांचवी पीढ़ी तक मिलते हैं इससे यह सिद्ध होता है कि इतना बड़ा सत्कर्म हम कर रहे हैं वह हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्राप्त होगा व जीवन का सही निर्वाह होगा यह सौ प्रतिशत वचनबद्धता है।

# मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए बनाएं रंगोली

भारत में त्योहारों पर काफी समय से रंगोली बनाई जाती है। लेकिन हर साल इसमें नये और ज्यादा सुंदर डिजाइन जुड़ते जाते हैं। दिवाली पर भी लोग घरों में रंगोली बनाते हैं, क्योंकि मान्यता है कि इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और सबसे सुंदर और साफ-सुथरे घर में निवास करती हैं। आइए देखतें हैं मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कौन-सा रंगोली डिजाइन बना सकते हैं।

किसी भी शुभ काम या फिर किसी त्योहार में रंगोली बनाने की परंपरा काफी पुरानी है। दिवाली पर अधिकतर घरों में मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए रंगोली बनाई जाती है। इस मुख्य उद्देश्य सजावट तो होता ही है साथ ही इससे घर में सौभाग्य आता है। विवाह हो, त्योहार हो या फिर कोई भी शुभ मुहूर्त हो रंगोली हर घर में बनाई जाती है। मुख्य रुप से सबसे ज्यादा रंगोली तमिलनाडु, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे शहरों में बनाई जाती है लेकिन यह अब अधिकतर जगहों पर बनाई जाने लगी है।

जब घर में पूजा की जाती है तो कलश सहित पूजा में भगवान स्थापित करने से पहले आटा से रंगोली बनाई जाती है। उसके बाद ही स्थापना की जाती है। आटा से रगोली बनाना शुभ माना जाता है लेकिन आज के समय में मार्केट में विभिन्न रंग मिलने लगे है। जिसके कारण रंगोली और भी खूबसूरत बना सकते है।

पश्चिम बंगाल में रंगोली को अल्पना कहा जाता है। तमिलनाडु में कोलम और आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र में कोलम कहते हैं। दिवाली में ज्यादातर लोग रंगोली मुख्य द्वार के सामने बनाते हैं। इसे रंगों, फूलों, पाउडर रंगों आदि की मदद से बनाया जाता है।

अगर आपको रंगोली बनानी नहीं आती है, तो इसके लिए आप एक चॉक की मदद से डिजाइन बना लें, इससे आप आसानी से रंगोली बना पाएगीं। अब आप रंगोली में रंग भरने के लिए एक मेंहदी कार्न बनाएं या बाजार में मिलने वाले रंगों की शीशियों में एक छोटा सा छेद कर लें। इससे आपकी रंगोली का रंग बिखरेगा नहीं और दो रंग आपस में मिक्स होने का खतरा भी नहीं रहेगा।

अगर आप रंगों से रंगोली बनाने में खुद को कंफर्टेबल महसूस नहीं करती हैं, तो आप रंग-बिरंगे फूलों से भी खूबसूरत रंगोली बना सकती हैं ये कम ही समय भी बन सकती है। इसके साथ ही रंगों से बनी रंगोली की आउटलाइन भी आप फूलों से बना सकती हैं। रंगोली का ये मिक्स एंड मेच आइडिया से एक नई तरह की रंगोली बना सकती हैं।

यही नहीं आप रंगोली बनाने के लिए स्पार्कल कलर और कलरफुल बीड्स सितारों से भी रंगोली को एक नया लुक दे सकते हैं या रंगोली को छोटे बड़े कलरफुल दियों से भी सजा सकती हैं।

अगर आप रंगोली नहीं बना पा रही हैं, तो आप बाजार में मौजूद रंगोली स्टेंसिल से रंगोली बना लें और उसके बीच में एक कांच का बड़ा सा बॉउल रखें जो पानी और गुलाब की पत्तियों से भरा हुआ हो। आप चाहें तो इसमें फ्लोटिंग कैंडल्स या फ्लोटिंग दीये रखें। ये आपकी रंगोली के साथ आपके आंगन और ड्राइंग रूम को एक अलग लुक देगी।



# कथाओं से भरा है दीवाली पर्व



दीवाली के इस मधुर पर्व के साथ अनेक प्रकार की कहानियां जुड़ी हैं। इन कथाओं में सबसे प्रमुख कहानी भगवान् राम की है। इस दिन श्री रामचन्द्र जी अत्याचारी और अनाचारी रावण का वध कर अयोध्या लौटे थे। अयोध्यावासी अपने मनचाहे प्रिय तथा श्रेष्ठ शासक राम को पाकर गदगद हो गए। उन्होंने उनके लौटने की खुशी में दीप जलाए। ये दीप अयोध्यावासियों की प्रसन्नता के परिचायक थे। तब से इस पर्व को मनाने की परम्परा चल पड़ी। कुछ कृष्ण भक्त इस पर्व का सम्बन्ध भगवान् कृष्ण से जोड़ते हैं। उनके अनुसार इसी दिन श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके चंगुल से सोलह हजार रमणियों को मुक्त करवाया था। इस अत्याचारी शासक का संहार देख कर लोगों का मन मोर नाच उठा और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करने के लिए दीप जलाए। एक पौराणिक कथा के अनुसार इसी दिन समुद्र का मंथन हुआ था। समुद्र से लक्ष्मी के प्रकट होने पर देवताओं ने उसकी अर्चना की। कुछ भक्तों का कथन है कि धनतेरस के दिन भगवान् विष्णु ने नरसिंह के रूप में प्रकट होकर अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी। सिक्ख धर्म को मानने वाले कहते हैं कि इसी दिन छटे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी ने जेल से मुक्ति पाई थी। महर्षि दयानन्द ने भी इसी दिन निर्वाण (मोक्षद्ध) प्राप्त किया था। दीवाली से सम्बन्धित सभी कहानियां दीवाली नामक पर्व का महत्त्व बताती हैं। वास्तव में इस महान् पर्व के साथ जितनी भी कहानियां जोड़ी जाएं कम हैं। यह पर्व जन-जन का पर्व है। सभी धर्मों और सभी जातियों के लोग इसका समान रूप से आदर करते हैं।

दीपावली
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत वेलांगरी
पंचायत समिति सिरोही, जिला-सिरोही
विनम्र अपील
❑ गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दें
❑ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनावें
❑ पौधरोपण करें तथा गांव में हरियाली लाएं
❑ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें
❑ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें
कवली देवी — प्रशासक
साबुसिंह देवड़ा — उप प्रशासक
श्रवण बिश्नोई — ग्राम विकास अधिकारी
एवं समस्त प्रशासनिक समिति सदस्य एवं ग्रामवासी, वेलांगरी

एक-दूसरे से राम-राम करके दिवाली की बधाईयां दी

# विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कार्यकर्ताओं के साथ लोगों को दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (निसं)।** दीपावली के त्यौहार को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं व पार्षदो ने शहर में सभी दुकानों व घरों में लोगों से राम-राम करके दिवाली की बधाई दी।

इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी कार्यकर्ताओं के साथ विधायक निवास से रवाना होकर झिलाय रोड, अहिंसा सर्किल, पटेल रोड, बस स्टेण्ड, बडा बाजार, चौहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, बिलाला मार्केट, सब्जी मंडी व जमात सहित बाजारों में लोगों से राम-राम करके दिवाली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, ओपी गुप्ता, जीतू विजय, बुद्धराम मीणा, मोहित संमति, गिर्राज जाट, मनोज पाटनी व शंकरलाल सैनी सहित कई कार्यकर्ताव पार्षद मौजूद थे।



दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गोल
पंचायत समिति सिरोही, जिला-सिरोही
विनम्र अपील
❑ गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दें
❑ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनावें
❑ पौधरोपण करें तथा गांव में हरियाली लाएं
❑ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें
❑ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें
इंदिरा रावल — प्रशासक
प्रकाश देवासी — उप प्रशासक
श्रवण बिश्नोई — ग्राम विकास अधिकारी
एवं समस्त प्रशासनिक समिति सदस्य एवं ग्रामवासी, गोल

दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत वाटेरा
पंचायत समिति पिण्डवाड़ा, जिला-सिरोही
विनम्र अपील
❑ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनावें
❑ पौधरोपण करें तथा गांव में हरियाली लाएं
❑ गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दें
❑ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें
❑ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें
सविता देवी रावल — प्रशासक
राजेश कुमार — ग्राम विकास अधिकारी
एवं समस्त प्रशासनिक समिति सदस्य एवं ग्रामवासी, वाटेरा

# सहकारिता को सभी के लिए सुलभ बनाया जाए : जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला सहकारी विकास समिति की समीक्षा बैठक का जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि सतत् जिले में सहकारी समितियों की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य है कि सहकारिता को सभी के लिए सुलभ बनाया जाए, ताकि लोगों को सशक्त होने के अधिक से अधिक अवसर मिल सके। उन्होंने राज्य सरकार की बजट घोषणा के अन्तर्गत गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में लम्बित आवेदनों का निस्तारण हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। ताकि उच्च स्तर से उनका निस्तारण करवाया जा सकें। बैठक में उप रजिस्ट्रार सतेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि उन्होंने 5 नई ग्राम सहकारी समितियों के गठन के प्रस्ताव पारित किया। 3 केवीएसएस एवं 22 ग्राम सेवा सहाकरी समितियों द्वारा सहकार सदस्यता अभियान के दौरान भूमि चिन्हिकरण कर भूमि आवंटन हेतु राजस्व विभाग को आवेदन किया गया। सहकार सदस्याता अभियान के दौरान दिए गए लक्ष्य 5 हजार 840 के विरूद्ध 6 हजार 546 सदस्य सहकारी समितियों द्वारा बनाएं गए। पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना में 55 पैक्स गो लाइव की जा चुकी है तथा 9 ई-पैक्स बन चुकी है। बैठक में जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल, संयुक्त निदेशक पशुपालन संतसिंह मीणा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत भांवरी
पंचायत समिति पिण्डवाड़ा, जिला-सिरोही
विनम्र अपील
❑ गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दें
❑ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनावें
❑ पौधरोपण करें तथा गांव में हरियाली लाएं
❑ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें
❑ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें
मगनी देवी — प्रशासक
जितेन्द्र सिंह लोटाणा — ग्राम विकास अधिकारी
एवं समस्त प्रशासनिक समिति सदस्य एवं ग्रामवासी, भांवरी

दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत रामपुरा
पंचायत समिति सिरोही, जिला-सिरोही
विनम्र अपील
❑ गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दें
❑ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनावें
❑ पौधरोपण करें तथा गांव में हरियाली लाएं
❑ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें
❑ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें
देवा राम सुथार — प्रशासक
सीमा आढा — ग्राम विकास अधिकारी
एवं समस्त प्रशासनिक समिति सदस्य एवं ग्रामवासी, रामपुरा

# रूप चतुर्दशी पर महिलाओं का निखरा रूप, ब्यूटी पॉर्लर्स पर रही महिलाओं की भीड़



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (निसं)।** दीपावली के एक दिन पहले रविवार को रूप चतुर्दशी एवं छोटी दीपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। रूप चतुर्दशी पर महिलाएं अपना रूप संवारने में जुटी रही वहीं पुरूष ब्यूटी पॉर्लर्स पर भी पुरूषों ने अपना रूप निखरवाया। रविवार को शहर के सभी महिला व पुरूष ब्यूटी पॉर्लर्स पर भीड़ लगी रही। अपनी बारी के लिए घंटों इन्तजार करना पड़ा। रविवार की सुबह से ही ब्यूटी पॉर्लर्स पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान महिलाओं ने थ्रेडिंग, कटिंग, हेयर स्टाईल डिजाईन, त्वचा, मैनीक्योर, पेडीक्योर व मेकअप से संबंधित कई सुविधाएं होती हैं, जिनमें फेशियल, कलरिंग, स्टाइलिंग व ब्राइडल मेकअप करवाया।

आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मैसर्स दिगपाल कोठारी कंपनी
शुभेच्छु
दिगपाल कोठारी व रौनक कोठारी

दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बरलूट
पंचायत समिति सिरोही, जिला-सिरोही
विनम्र अपील
❑ गांव को स्वच्छ बनाने में योगदान दें
❑ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अवश्य बनावें
❑ पौधरोपण करें तथा गांव में हरियाली लाएं
❑ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें
❑ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें
भरत कुमार माली — प्रशासक
गोविंद कुमार — ग्राम विकास अधिकारी
एवं समस्त प्रशासनिक समिति सदस्य एवं ग्रामवासी, बरलूट




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।